हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 5 सितंबर 2025

तापमान

अधिकतम 26.8 डिग्री

न्यूनतम 23.4 डिग्री



जगमल चौक के पास पानी निकासी के लिए नाले की सफाई की गई



### बंधवापारा, जरहाभाठा,दयालबंद, सकरी, सिरगिट्टी और तिफरा के कई घरों में खाना नहीं बना

# सैकड़ों मकानों में घुसा पानी, कई कालोनियां जलमग्न






पानी भरने से तालाब बन गया सिरगिट्टी हाईस्कूल परिसर।










## सिविल लाइन थाने के सामने के डिवाइडर को पानी निकासी के लिए तोड़ना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले तीन दिनों से झमाझम बरसात होने के कारण शहर के कई हिस्से जलमग्न हो गए। निचली बस्तियों के साथ ही बड़ी कालोनियों में पानी भर गया। लोगों के घर में गंदा पानी घुस गया तो कुर्सी बर्तन तक डूब गए। बंधवापारा, जरहाभाठा से लेकर दयालबंद, सकरी, सिरगिट्टी और तिफरा के कई घरों में खाना नहीं बना। 200 से अधिक घरों में पानी घुस गया और लोग निगम और प्रशासन को कोसते रहे। सरकंडा, मगरपारा, मंगला, गीतांजलि सिटी, तोरवा और पुराना बस स्टैंड जैसे इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। इसके साथ ही हंसा विहार, मित्र विहार कालोनी ,श्रीकांत वर्मा मार्ग, बस स्टैंड, विद्यानगर, मिनीमाता चौक, भारतीय नगर रोड, ओमनगर में पानी भर गया।

रात 2 बजे से सुबह 7 बजे तक हुई मूसलाधार बारिश से शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। कलेक्टर बंगले से लेकर श्रीकांत वर्मा मार्ग, विद्यानगर, विनोबा नगर, मित्र विहार, हंसा विहार, पुराना बस स्टैंड और गोल बाजार रोड पर एक से ढाई फीट तक पानी भर गया। सिविल लाइन थाने के सामने बने डिवाइडर को पानी निकासी के लिए तोड़ना पड़ा। इस दौरान लोग काफी गुस्सें में थे। सरकंडा क्षेत्र के चौबे कालोनी, शिवम होम्स, अरविंद नगर, मगरपारा, मंगला, गीतांजलि सिटी, तोरवा जैसे इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। टेलीफोन एक्सचेंज रोड, लिंक रोड, विद्या नगर, तोरवा चौक, तालापारा, व्यापार विहार सहित शहर की कई कॉलोनियां जलमग्न हो गई हैं। बिरकोना खार में बारिश से बंधवापारा, जोरापारा और सरकंडा के 50 से अधिक घरों में पानी भर गया।






सिविल लाइन थाना के सामने स्लैब तोड़कर पानी निकाला गया।




### 70 स्थानों से निगम ने निकाला पानी

पिछले 18 घंटो से हो रही भारी बारिश के कारण शहर के निचले इलाकों में जल भराव की समस्या उत्पन्न हुई है। लगातार शिकायतों के बाद निगम की टीम फील्ड पर तैनात हुई। सभी जोन कमिश्नर, इंजीनियर और सफाई अमला जल भराव वाले क्षेत्रों में पहुंचा। निगम कमिश्नर अमित कुमार ने खुद भी पूरे शहर का दौरा कर जल भराव वाले स्थानों में कार्यों का जायजा लिया। इसके अलावा इंजीनियर,सफाई एवं अतिक्रमण अमले को अगले 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। निगम की टीम ने पुराना बस स्टैंड,जरहाभाठा, तैयबा चौक, बंधवापारा, जोरापारा चांटीडीह,मित्र विहार,श्रीकांत वर्मा मार्ग जैसे स्थानों से पानी निकाला। इन जगहों पर कच्ची नाली बनाकर पानी निकासी की गई। इसके अलावा मोटर पंप और जेटिंग मशीन का भी उपयोग किया जा रहा है। निगम के मुताबिक सभी जोन क्षेत्रों में कुल 70 स्थानों पर निगम ने पानी का निकासी की है। इसमें 33 स्थानों पर जेसीबी और पोकलेन के जरिए और 7 जगहों पर पंप द्वारा पानी निकासी की गई। इसके अलावा 32 जगहों पर निगम कर्मियों द्वारा मैन्युअली पानी निकासी की व्यवस्था की गई।







### कई स्कूलों में भरा पानी, करनी पड़ी छुट्टी

दो दिन से सुबह और शाम हो रही बारिश के कारण सबसे अधिक प्रभावित स्कूली बच्चे हो रहे हैं। शहरी क्षेत्र में ही 10 से अधिक स्कूलों में पानी भर गया और एक तरह से बच्चों की छुट्टी करनी पड़ी। मोपका, सेंदरी, सिरगिट्टी, तिफरा, बंधवापारा के स्कूलों में जो बच्चे पहुंचे थे उन्हें मध्यान्ह भोजन भी नहीं मिला। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर सभी ब्लाकों के बीईओ ने अपने क्षेत्र के स्कूलों का दौरा किया। बारिश से तिफरा स्थित शासकीय स्कूल का मैदान तालाब में तब्दील हो गया। दो दिन हुई तेज बारिश के कारण सिरगिट्टी के हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में पानी भर गया है। इसके चलते अधिकांश शिक्षक और बच्चे स्कूल नहीं पहुंचे। बारिश के कारण 24 घंटे के बाद भी पानी खाली नहीं हुआ है। इसके चलते पढ़ाई ठप पड़ गई।

### सामुदायिक, शासकीय तथा निजी भवनों में व्यवस्था

नगर निगम द्वारा बाढ़ नियंत्रण कक्ष विकास भवन में स्थापित किया गया है। इसमें 24 घंटे सेवा देने तीन पालियों में अधिकारी, इंजीनियर एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। आपात स्थिति के लिए बाढ़ नियंत्रण कक्ष का फोन नंबर 07752 471224 जारी किया गया है। इसके अलावा इसके नोडल अधिकारी अपर आयुक्त खजांची कुम्हार मो. 9753437043, मुख्य अभियंता राजकुमार मिश्रा मो. 917694044002 तथा सहायक नोडल अधिकारी अनुपम तिवारी मो.9993596615 नियुक्त किए गए है। इसके अलावा आपात स्थिति में प्रभावित लोगों को सुरक्षा की दृष्टि से रखने के लिए सामुदायिक, शासकीय तथा निजी भवनों को चिन्हित किया गया है,जिसके अलग से नोडल आफिसर भी बनाएं गए है जर्जर भवनों को चिन्हांकित कर कार्यवाही के लिए भी इंजीनियरों को दायित्व सौंपे गए है।

### निचले इलाकों की खास तौर पर निगरानी

निगम कमिश्नर अमित कुमार ने सुबह से सरकंडा,मंगला, सकरी, राजकिशोर नगर एरिया,तिफरा समेत शहर के अन्य रिहायशी इलाकों का मुआयना कर आगे जल भराव की स्थिति ना हो इसके लिए लगातार प्रयास करने के निर्देश दिए है और अलर्ट रहने को कहा है। इसके साथ ही निगम द्वारा बारिश को देखते हुए शहर के सभी हिस्सों में खासकर ऐसे मोहल्ले जो भौगोलिक रूप से नीचे है,वहाँ निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही संबंधित जोन कमिश्नरों और इंजीनियरों को फील्ड पर ही रहने के निर्देश दिए गए है ताकि जल भराव की आपात स्थिति से निपटा जा सकें, इसके लिए सभी की ड्यूटी भी लगाई गई है।

## वाह रे बिजली: 10 घंटे बाद विभाग ने लगाया ट्रांसफार्मर सप्लाई शुरू होते ही फाल्ट, 17 घंटे सप्लाई ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यह विडंबना ही है कि शहर में 17 घंटे बिजली व्यवस्था ठप होने की नौबत आ चुकी है। सिविल लाइन और मसानगंज क्षेत्र में मंगलवार से गुरूवार के बीच 17 घंटे बिजली बंद रही। जहां मंगलवार की शाम 5 बजे से बंद बिजली बुधवार की सुबह 11 बजे बहाल हो सकी, वहीं बुधवार की रात से ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद गुरूवार की सुबह 10.30 बजे सप्लाई शुरू की जा सकी। इस दौरान बिजली अधिकारियों की उदासीनता, कर्मचारियों की लापरवाही और ठेकेदार की कोताही का जीता जगाता नमूना दिखने को मिला। हाल यह है कि गुरूवार को भी एक बार सप्लाई नार्मल होने के बाद बारिश होने पर कई बार ट्रिपिंग की समस्या रही।

बिजली विभाग इन दिनों अपंग हो चुका है, ना कर्मचारी है और ना ही ठेकेदारों के पर मरम्मत के लिए सामान है, ऐसे में जुगाड़ से विभाग चल रहा है। इसी का नतीजा है कि शहर के इलाकों में एक बार बिजली बंद होने के बाद कब बिजली सप्लाई नार्मल हो सकेगी, इसका जवाब अधिकारियों के पास भी नहीं होता है। गुरूवार को गोलबाजार में ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण सदर बाजार फीडर बंद रहा, दिन में कई बार सप्लाई प्रभावित रही। मसानगंज, सरजू बगीचा, सिविल लाइन, विनोबा नगर, व्यापार विहार, कुदुदंड, सरकंडा, टिकरापारा, करबला रोड, जूना बिलासपुर जैसे इलाके स्मार्ट सिटी के अंतर्गत आते है, लेकिन यहां की बिजली व्यवस्था ग्रामीण इलाकों से बदत्तर हो चुकी है, उपभोक्ताओं को घंटों बिजली बंद का सामना करना पड़ रहा है, अन्य शहरों की अपेक्षा शहर में बारिश होते ही बिजली ठप पड़ रही है।



### मेंटनेंस के नाम पर हरे-भरे पेड़ काटे

बृहस्पति बाजार और राजेन्द्र नगर सड़क पर बुधवार को मेंटनेंस के नाम पर हरे भरे पेड़ों की छटनी कर दी गई, लेकिन इसके बाद बिजली विभाग के कर्मचारी डंगालों को सड़क पर ही छोड़कर चले गए। गणेशत्सव के चलते पूरी सड़क पर भीड़ रहती है, इस दौरान हर आने जाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि गुरूवार को भी सड़क पर डंगाल पड़ी रही।

### मरम्मत में लगता है समय

एक साथ बहुत जगहों पर फाल्ट आने के कारण कर्मचारी फंस जाते हैं, ऐसे में किसी जगह की मरम्मत के लिए समय लग जाता है। दो दिनों से मसानगंज में दिक्कत आई है, ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली बंद रही है।

**-बीबी नेताम**, ईई पश्चिमी डिवीजन

### कर्मचारियों की लापरवाही हावी

बिजली विभाग में अधिकारी व कर्मचारियों की कमी बनी हुई है। संविदा कर्मचारियों के भरोसे काम चल रहा है, लेकिन काम के मामले में कर्मचारियों की लापरवाही सामने आती है। प्रशिक्षित कर्मचारियों के नहीं होने के कारण निर्माण और मरम्मत कार्य में बेवजह देरी होती है। इस दौरान कई काम को छोड़ दिया जाता है। फिर उसी काम को पूरा करने के लिए शेड्यूल मेंटनेंस के नाम पर बिजली बंद कर दोबारा काम किया जाता है। ऐसे में कई बार बिजली सप्लाई रोकी जाती है।

### ठेकेदारों के पास ना तार है ना स्टॉफ

विभाग में सालों से एक ही ठेकेदार को फ्यूज कॉल और मरम्मत का जिम्मा सौंपा जाता है, रसूकदार ठेकेदारा को कुछ भी कहने से अधिकारी डरते है, यही हाल है कि लाखों रूपए का ठेका उठाने वाले ठेकेदार के पास ना तो स्टाफ है और ना ही बिजली मरम्मत के लिए तार और अन्य सामान है। बिजली ठप होते ही पहले फाल्ट ढुढ़ने में समय लगाया जाता है फाल्ट ढुढ़ लेने के बाद उसे ठीक करने के लिए सामान का रास्ता देखा जाता है, ऐसे में घंटों बिजली बंद रहती है।

## 24 घंटे में जमकर बरसे बादल 106 मिमी बारिश दर्ज

जाते-जाते बारिश कहर बरपा रही है, पिछले 24 घंटे में 106 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इस साल पूरे बारिश सीजन में 24 घंटे के भीतर इतनी बारिश नहीं हो सकी है, लेकिन बुधवार की रात झमाझम बारिश ने यह रिकार्ड तोड़ दिया है। मौसम विभाग ने बिलासपुर समेत राजनांदगांव, रायपुर और अन्य जिलों के लिए आरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। बताया जा रहा है कि बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बन चुका है जिसके चलते प्रदेश में झमाझम बारिश हो रही है। प्रदेश में मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है, बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र और मानसून द्रोणिका की सक्रियता के कारण रह-रह कर बारिश का दौर जारी है। जिले में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली और तेज हवा के साथ भारी बारिश होने की आशंका है।

- **नदी-नालों में आया ऊफान, तालाब भी लबालब भरे**
- **मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट**

### अब तक 971.8 मिमी बारिश

बिलासपुर जिले में मानसूनी बारिश के तहत 971.8 मिमी बारिश हो चुकी है। यह पिछले 10 वर्ष के औसत बारिश 887.3 मिमी से 84.5 मिमी अधिक है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे अधिक बारिश 1220.8 मिमी तखतपुर तहसील में और सबसे कम बारिश 743.4 मिमी कोटा में रिकार्ड की गई है। बिलासपुर तहसील में 1159.5 मिमी, बिल्हा में 907.7 मिमी, मस्तूरी में 869.3 मिमी,सीपत में 908.5 मिमी, बोदरी में 899.6 मिमी, बेलगहना में 1134.8 मिमी, बेलतरा में 904 मिमी, रतनपुर में 958.5 मिमी, सकरी में 1079.4 मिमी और पचपेड़ी तहसील में 876 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है।



### बंगाल की खाड़ी का असर

बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम में निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है।वहीं चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 7.6 किमी तक फैला हुआ इस दौरान मानसून द्रोणिका भी सक्रिय है। इसी के चलते बारिश हो रही है। अगले 24 घंटों में प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी।


सरकार की आमद मरहबा
1500
YEAR'S OF
JASHNE
EID MILAD
UN NABI
आक़ा की आमद मरहबा
आप तमाम शहरवासियों को
जश्ने ईद मिलादुन्नबी मुबारक
चिश्तिया रंग
सैय्यद वारिस हुसैन चिश्ती
खादिम अजमेर शरीफ दरगाह
सैय्यद ताहा हुसैन चिश्ती
खादिम अजमेर शरीफ दरगाह
हाजी इक़बाल हक
सदर-चिश्तिया रंग
डॉ. सलीम राज
चेयरमेन छ.ग. वक्फ बोर्ड
शेख नजीरुद्दीन
पूर्व सभापति न.नि.
ESW
EFTEKHARI STEEL WORKS
Glass Railing Solutions
Your Vision Our Creation
Sen Marg Road, Mangla Chowk
Bilaspur, Mob.: 7489946321

## खबर संक्षेप

### ईद पर उसकी देन कमेटी निकलेगी जुलूस, स्वच्छता का देगी संदेश आज

**बिलासपुर।** ईद मिलादुन्नबी पर्व पर उसकी देन कमेटी के तत्वावधान में शुक्रवार 5 सितंबर को दोपहर 2 बजे सत्यम चौक से जुलूस निकाला जाएगा। जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए गोल बाजार पहुंचेगी। यहां पर मदीना मस्जिद गोल बाजार में अश्र की नमाज अदा होगी। ईदगाह में शाम को मगरिब की नमाज होगी। तकरीर होगी। जुलूस की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। जुलूस का शहर में जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। विभिन्न कमेटियों तथा सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत की तैयारी की जा रही है। उसकी देन कमेटी के एस ए कादिर, अध्यक्ष युसूफ हुसैन बंटी, संयोजक शेख नजीरुद्दीन ने बताया की जुलूस सत्यम चौक से निकलकर लिंक रोड होते हुए तारबाहर चौक से गांधी चौक, जूना बिलासपुर, सिटी कोतवाली होते हुए गोल बाजार पहुंचेगी। यहां गोल बाजार मदीना मस्जिद में अश्र की नमाज अदा की जाएगी। तत्पश्चात यह जुलूस सदर बाजार देवकीनंदन चौक से राजेंद्र नगर सिविल लाइन थाने के सामने से ईदगाह पहुंचेगा। यहां पर परचम कुसाई की रस्म अदा की जाएगी। उसके बाद मगरिब की नमाज अदा होगी। नमाज के बाद पैगंबर साहब के जीवन पर तकरीर होगी। संयोजक शेख नजीरुद्दीन ने बताया कि कल जुलूस में स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जाएगा। नूरानी मस्जिद कमेटी की स्वच्छता की टीम साथ में चलेगी। मस्जिद के इमाम कारी गुलाम इशा, गौस इस टीम में काफी संख्या में युवा शामिल रहेंगे। जुलूस में डीजे पर पूरी तरह रोक लगाया गया है। जुलूस के दौरान औरतें 9 साल से ऊपर की बालिकाएं, पानी पाउच, दो पहिया, चार पहिया, छोटे वाहन लाने में पाबंदी होगी। उसकी देन कमेटी द्वारा समाज के लोगों से जुलूस के दौरान आतिशबाजी नहीं करने की अपील की गई है। जुलूस में सभी कमेटियों के सदस्य तथा शहर के प्रबुद्धजन गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।

### लायंस क्लब स्माइल परिवार ने किया शिक्षिकाओं का सम्मान



**बिलासपुर।** अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था 3233- सी लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल परिवार द्वारा 3 सितंबर को शनिचरी पड़ाव स्थित प्राथमिक शाला एवं बाल मंदिर की शिक्षिकाएं भामिनी शर्मा, प्रेमलता तिवारी, अनामिका राठौर का पर्यावरण संवर्धन एवं संरक्षण को देखते हुए पेड़ और मोमेंटो से सम्मानित किया गया। सभी बच्चों को क्लब द्वारा खाद्य सामग्री वितरण किया। बिस्कुट ,चॉकलेट, फल एवं शिक्षण सामग्री, सभी प्रकार के चार्ट, हिंदी वर्णमाला अल्फाबेट, नंबर्स के चार्ट बच्चों को एवं शाला में वितरित किए गए। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों की प्रतिभा को दिखाने के लिए उनके बीच चित्रकला प्रतियोगिता भी करवाई गई। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चे इन शिक्षण सामग्री और खाद्य सामग्रियों को देखकर बहुत ही उत्साहित थे। बच्चों ने पढ़लिखकर अपने माता पिता का नाम रौशन करने की बात कही। शिक्षिकाओं ने बताया कि यह प्राथमिक शाला 1907 आजादी के पहले से संचालित है। बाल मंदिर 1965 से संचालित है। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष रीता राजगीर, सचिव डॉक्टर सुरभि राजगीर, कोषाध्यक्ष दीप्ति साहू एवं ज्योति सिंगरौल, सविता पांडे आदि मौजूद थीं।

### पीएमश्री सेजेस चकरभाठा में इको और यूथ क्लब का गठन



**बिलासपुर।** पीएम श्री सेजेस चकरभाठा में इको और यूथ क्लब का गठन किया गया। इको क्लब प्रभारी व्याख्याता मनोज कुमार यादव ने बताया कि इको क्लब सभी बच्चों को बैच एवं इको क्लब का मनो वाला बैच प्रदान किया गया। इसमें प्रधानमंत्री नम्रता, जल एवं कृषि मंत्री संजना कौशिक, खेल मंत्री अर्चना सूर्यवंशी, स्वास्थ्य मंत्री रितिका कौशिक, पर्यावरण सुरक्षा मंत्री अश्मित मिश्रा, शिक्षा मंत्री नीली कौशिक, विज्ञान मंत्री दिशा साहू, स्वच्छता मंत्री भूमिका कश्यप, सांस्कृतिक मंत्री आदि दीक्षित, पुस्तकालय मंत्री श्रेया शर्मा को प्रदान किया गया। सभी ने शपथ लिए स्वच्छ पर्यावरण उज्जवल भविष्य की पहचान। इस अवसर पर सह प्रभारी सोनम तिवारी एवं आकांक्षा मिश्रा के साथ-साथ स्कूल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।अंत में इको क्लब प्रभारी ने बताया कि इसके अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अब तक स्कूल एवं उसके आसपास के क्षेत्र में 100 पौधे से भी अधिक लगा चुके हैं।

### ई. राघवेंद्र राव महाविद्यालय में स्टूडेंट इंटरेक्शन प्रोग्राम का आयोजन



**बिलासपुर।** शासकीय ई. राघवेंद्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय में स्टूडेंट इंटरेक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि इथियोपिया संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य में भारत के राजदूत अनिल कुमार राय थे। सम्मानित अतिथि में कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनीश सिंह, विशिष्ट अतिथियों में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिपं सीईओ संदीप अग्रवाल एवं टी. अरविंद कुमारन ने सहभागिता की। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रवीण पांडे ने की। मुख्य अतिथि श्री राय ने छात्रों एवं शिक्षकों को विदेश नीति, अंतरराष्ट्रीय संबंध और वैश्विक परिदृश्य के विविध पहलुओं से अवगत कराया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को उनके सामाजिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया और उन्हें समाजसेवा की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। नगर निगम आयुक्त श्री कुमार ने कहा कि बिलासपुर शहर को स्वच्छता में नई उंचाइयों तक पहुँचाने के लिए युवाओं की सक्रिय भूमिका महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. उषा राठौर एवं प्रो. शशिकांत राठौर आदि का योगदान रहा।

---

### शिक्षक दिवस पर उल्लेखनीय कार्य करने पर मिलेगा सम्मान

# बिलासपुर और जीपीएम के चार शिक्षकों को राज्यपाल के हाथों मिलेगा सम्मान आज

**बिलासपुर।** बिलासपुर और जीपीएम के चार शिक्षकों को इस साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर राज्यपाल के हाथों सम्मानित किया जाएगा। इसमें कोटा ब्लाक के शिक्षक शिवकुमार छत्रवांणी शामिल हैं।

- आदिवासी-पिछड़े छात्रों को पढ़ाई से जोड़ा, स्कूल में सेंटर खोलकर कौशल विकास किया

उन्होंने आदिवासी पिछड़े क्षेत्रों में जाकर स्कूल में जनप्रतिनिधियों एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों को सक्रिय करते हुए पालकों के घर जा जा कर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया। यह अभियान आज भी जारी है। स्कूल विद्यालय में पढ़ाई के अलावा लघु उद्योग अधारित शिक्षा जैसे- सुपा, टोकरी, झौहा, झाड़ू, बनाना एवं दोना- पत्तल का निर्माण, लिफाफा बनाना तथा कौशल विकास आधारित कम्युटर प्रशिक्षण की व्यवस्था कर कम्युटर के विभिन्न उपकरणों से परिचित कराया जाता है। आकाशवाणी केन्द्र बिलासपुर से छात्र-छात्राओं को स्व-रचित बाल कविता, गीत, प्रहसन प्रेरक प्रसंगों का प्रसारण समय-समय पर कराया जा रहा है। इन्हें अब तक मुख्यमंत्री गौरव अलंकार सम्मान 2022, शिक्षा सागर फाउंडेशन गुजरात राज्य सहित कई राज्यों के शिक्षा सम्मान मिल चुके हैं।

#### शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ने का काम किया

शिवकुमार छत्रवांणी पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिलदहा संकुल-कलमीटार,



विकास खण्ड-कोटा, जिला-बिलासपुर में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत हैं। इनकी पहली नियुक्ति शासकीय प्राथमिक विद्यालय रानी पारा, रतनपुर सन 1993 में हुई। आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में अत्यन्त पिछड़े तथा अनुसूचित जाति, जनजाति क्षेत्र होने के कारण शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़े होने से शिक्षा के मुख्यधारा में जोड़ने पर काम किया गया। स्वयं के व्यय से हैंडपंप और बाउंड्रीवाल बनाया।

#### नवाचार और सामाजिक कार्यों में आगे

शा.उ.मा.वि महमंद वि खण्ड . बिल्हा में पदस्थ व्याख्याता श्रीमती शांति सोनी को भी



इस साल राज्यपाल पुरस्कर से सम्मानित किया जाएगा। वे इस स्कूल में 2012 से पदस्थ हूं। उनकी नियुक्ति 31 अगस्त 1998 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या पचपेड़ी विकासखंड मस्तूरी में हुई थी। पढ़ाई के साथ ही वे नवाचार और सारे सामाजिक कार्यों में आगे रहती हैं। सजनवृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए काफी काम किया।

#### स्कूल में गार्डनिंग, दर्ज संख्या 5 से 34 पहुंची

गौरेला पेंड्रा मरवाही कि शिक्षिका कु साबरानिशा को भी राज्यपाल पुरस्कार से



सम्मानित किया जाएगा। इन्होंने अपने स्कूल में नवाचार के साथ ही गार्डनिंग और पानी की व्यवस्था पर काफी काम किया है। यह प्राथमिक स्कूल भैलामुड़ा टापू पर बसा है। पीने के पानी की व्यवस्था तक नहीं है। यहां का रसोइया 500 मीटर की दूरी से कंधे पर लाद कर पानी लाता है। स्कूल की दर्ज संख्या कुल 5 ही थी जो कि अब 34 तक पहुंच गई है। 4 गावों के बच्चे यहां पढ़ने पहुंचते हैं।

#### बैगा और विकलांग बच्चों पर काम किया

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में पदस्थ आरती तिवारी को राज्यपाल पुरस्कार मिलेगा।



इससे पहले उन्हें उत्कृष्ट प्राचार्य के रूप में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण और शिक्षा श्री पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। फिलहाल वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीकरकला में पदस्थ है। हरिभूमि से बात करते हुए उन्होंने बताया कि सिर्फ पढ़ाई के ही नहीं बच्चों के जीवन में नवाचार और स्किल पर भी काम करना जरूरी है। बच्चों के पढ़ाई लिखाई पर विशेष ध्यान दिया गया।

---

### जीएसटी कौंसिल की बैठक के निर्णयों का केडिया ने किया स्वागत

# जीएसटी सुधार से बदलेगी दिशा एमएसएमई सेक्टर में दिखेगा बूम

**बिलासपुर।** जीएसटी कौंसिल की बैठक के बाद लोगों की जरूरत के कई उत्पाद और सेवाओं में जीएसटी रेट की कमी की गई है, इसका सीधा असर एमएसएमई सेक्टर पर भी दिखेगा। छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ प्रदेश अध्यक्ष हरीश केडिया ने कहा कि जीएसटी के रेट में बदलाव करने से उद्योग की दशा और दिशा बदलेगी वहीं इससे व्यापार में बूम भी मिलेगा।



हरीश केडिया

जीएसटी कौंसिल की बैठक के निर्णयों का स्वागत किया गया है। इससे लघु उद्योग पुर्नजीवित हो सकेंगे। व्यापार और उद्योग एक दूसरे के पूरक है, ऐसे में दोनों ही सेक्टरों को नई ऊर्जा मिलने की पूरी संभावना है। नवरात्रि से लेकर दीपावली का समय बाजार में कैश फ्लो बना रहता है, यही उद्योग की जान भी है, ऐसे में वस्तु और सेवाओं के जीएसटी दर में कटौती के कारण आम लोगों को जीवन उपयोगी वस्तु, खाद्य सामग्री, दवाईयॉं, लाइफ एवं हेल्थ इंश्योरेंस, सीमेंट जैसी कई चीजों की लागत में कमी आएगी। कृषि उपकरण एवं आटोमोबाईल सेक्टर में टैक्स दर में कमी का जबरदस्त असर रहेगा। मध्यम वर्गीय लोगों की जिदंगी आसान होगी। आठ वर्ष के बाद जीएसटी में सुधार के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं कौंसिल के सभी सदस्य प्रशंसा के पात्र है। जीएसटी टैक्स दरों में कमी एवं सुधार का स्वागत पूर्व अध्यक्ष अरूण अग्रवाल, जितेन्द्र गांधी, अनिल सूलजा, अनिल अग्रवाल,विनोद अग्रवाल, चंद्रकांत भट्ट, सुनील मरदा अरविंद गर्ग के अलावा जिला उद्योग संघ अध्यक्ष सतीश शाह,महासचिव,शरद सक्सेना कोषाध्यक्ष राम सुखिजा आदि ने भी किया है।

#### सबसे बेहतरीन फैसला : कैट

कैट बिलासपुर इकाई के महामंत्री हीरानंद जयसिंह ने कहा कि जीएसडी रिफॉर्म्स बेहतरीन हैं, टैक्स कम हुआ है, लेकिन गौर से देखिए, बारीकी से देखने पर ऐसा लग रहा है



जैसे घर के किसी बड़े ने घरवालों की सेहत और घर को उन्नति के लिए नियम बनाए हो। ऐसा लगता है जैसे घर के बड़ों ने बैठ कर टैक्स स्लैब बनाया हो, ताकि सेहत बनी रहे, घर चलने में दिक्कत ना हो, बच्चे पढ़ सके, घर का जरूरी सामान आ सके, नया घर बन सके, घर का कमाऊ मेंबर और घर वाले सुरक्षित रहे, जरूरत पड़ने पर इलाज करा सकें, सब काम धंधे में लगें, और कोई फालतू दिखावा ना करे। बस इतना ही है जीएसडी रिफॉर्म मेरी नजर में यह बजट से भी बेहतर है, इसमें वो सबकुछ है जो मैं सरकार से पिछले कई सालों से मांग रहा था, ऐसा लग रहा है जैसे सरकार ने नहीं यह जीएसटी रिफॉर्म मैने खुद ने किया है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और प्रधानमंत्री मोदी का यह अब तक का सबसे बेहतरीन फैसला है, इसकी जितनी तारीफ की जाए कम है। जैसा आपके पिता आपको समझते है कि जीवन कैसे जीना है, यह टैक्स स्लैब बिल्कुल वैसा ही है।

# अगस्त में एसईसीएल ने किया रेकॉर्ड 1401 रेक कोयला डिस्पैच



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल ने अगस्त 2025 माह में 1401 रेक कोयला डिस्पैच कर नया रिकॉर्ड बनाया है। यह आँकड़ा पिछले वर्ष अगस्त 2024 में हुए 1042 रेक डिस्पैच की तुलना में लगभग 34.45 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी के मेगा प्रोजेक्ट्स में गेवरा से 268 रेक, दीपका से 202 रेक और कुसमुंडा से 271 रेक, देश के विभिन्न ताप विद्युत संयंत्रों को भेजे गए। वहीं रायगढ़ क्षेत्र ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए 248 रेक कोयला डिस्पैच किया। एसईसीएल के अफसरों ने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल से अगस्त 2025 तक की अवधि में कंपनी ने कुल 7699 रेक कोयला डिस्पैच किया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 8.21 प्रतिशत अधिक है। रेल मार्ग से कुल कोयला प्रेषण में भी वित्त वर्ष 25-26 में 9.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। एसईसीएल में तेजी से लागू हो रहे एफएमसी (फर्स्ट माईल कनेक्टिविटी) प्रोजेक्ट्स ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रेल मार्ग से कोयला डिस्पैच न केवल अधिक कुशल है, बल्कि आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी लाभकारी है। अफसरों ने बताया कि वर्तमान में एसईसीएल में 17 एफएमसी प्रोजेक्ट्स क्रियान्वित किए जा रहे हैं जिनकी संयुक्त क्षमता 233 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) है। इनमें से 9 प्रोजेक्ट्स (151 एमटीपीए) पहले ही कमीशन हो चुके हैं, जबकि शेष 8 प्रोजेक्ट्स (82 एमटीपीए) विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं और अगले 2–3 वर्षों में पूर्ण होने की संभावना है।

# कालेजों में प्रवेश की अंतिम तिथि आज

**बिलासपुर।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कालेजों में प्रवेश की अंतिम तिथि 5 सितंबर शुक्रवार तक बढ़ाई गई थी। लेकिन शासन ने अचानक शुक्रवार को ईद मिलाद उन नबी का अवकाश घोषित कर दिया है, इसलिए प्रवेश की अंतिम तिथि को लेकर छात्र-छात्राओं के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है।

यूनिवर्सिटी, कालेजों में 14 अगस्त के बाद प्रवेश बंद हो गया था। लेकिन इन संस्थानों में सीटें रिक्त रहने के कारण उच्च शिक्षा विभाग ने सप्ताहभर के लिए प्रवेश की तिथि बढ़ा दी थी। प्रवेश की अंतिम तिथि 5 सितंबर तक के लिए बढ़ाई गई थी। इसलिए शुक्रवार को कालेजों में प्रवेश का आखिरी दिन था, किन्तु अचानक शासन ने शुक्रवार को ईद मिलाद उन नबी का अवकाश घोषित कर दिया। इससे प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राओं में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है।

क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा प्रवीण पांडेय ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार कालेजों में प्रवेश की तिथि 5 सितंबर तक बढ़ाई गई थी, लेकिन शासन की ओर से उस दिन का अवकाश बाद में घोषित हुआ। इसलिए अगले दिन शनिवार को प्रवेश देना है कि यह शासन से कोई निर्देश आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

# उच्च शिक्षा मंत्री ने कुलपतियों से जानी विवि की समस्याएं

**बिलासपुर।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के सभी राजकीय यूनिवर्सिटी के कुलपतियों और रजिस्ट्रारों के साथ रायपुर में मीटिंग ली। इसमें उच्च शिक्षा मंत्री ने सभी कुलपतियों से उनकी यूनिवर्सिटी की समस्याओं के बारे में जानकारी ली और जहां-जहां यूटीडी नहीं है, वहां यूटीडी खोलने व स्वीकृत रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरने के निर्देश दिए हैं।

- यूटीडी खोलने व रिक्त स्वीकृत पदों पर भरने के निर्देश

उच्च शिक्षा विभाग का दायित्व मिलने के बाद मंत्री टंकराम वर्मा ने आज पहली बार छत्तीसगढ़ के सभी राजकीय यूनिवर्सिटी के संबंध में रायपुर में मिंटिंग ली। इस मीटिंग में प्रदेश के सभी राजकीय यूनिवर्सिटी के कुलपति व रजिस्ट्रार शामिल हुए। मीटिंग में उपस्थित कुलपतियों ने उच्च शिक्षा मंत्री ने उनके यूनिवर्सिटी से संबंधित समस्याओं के बारे जानना चाहा, जिस पर कुलपतियों ने अपने-अपने यूनिवर्सिटी से संबंधित समस्याओं के बारे में मंत्री को अवगत कराया। कुलपतियों की ओर वित्तीय अनुमोदन प्राप्त नहीं होने तथा रूसा अंतर्गत निर्माण कार्यो में पीडब्लूडी द्वारा लेटलतीफी किए जाने से आगे रूसा ग्रांट मिलने में होने वाली समस्याओं को रखा। इसी तरह कुछ यूनिवर्सिटी में यूटीडी संचालित नहीं होने पर उन यूनिवर्सिटी में यूटीडी खोलने कहा गया है। इसी तरह यूनिवर्सिटी में नए टीचिंग डिपार्टमेंट या पाठयक्रम खोले जाने के संबंध में भी चर्चा हुई। कुछ यूनिवर्सिटी की ओर से शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ की कमी बताई गई।

#### शिक्षा गुणवत्ता व शोध पर जोर

कुलपतियों के साथ मिंटिंग में उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की जानकारी ली और नई शिक्षा नीति तहत गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने तथा यूनिवर्सिटी में शोध कार्यों पर जोर दिया। उन्होंने यूनिवर्सिटी को अन्य संस्थानों के साथ एमओयू करने तथा बड़े-बड़े शिक्षण संस्थानों से समन्वय स्थापित करने भी कहा। इस मीटिंग में अटल यूनिवर्सिटी, रविशंकर यूनिवर्सिटी, शहीद नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी, कुशाभाऊ ठाकरे यूनिवर्सिटी, बस्तर यूनिवर्सिटी, सरगुजा यूनिवर्सिटी आदि यूनिवर्सिटी के कुलपति और रजिस्ट्रार सहित उच्च शिक्षा सचिव एस भारतीदासन एवं शिक्षा आयुक्त संतोष देवांगन उपस्थित रहे।

#### एयू कुलपति ने उठाई भूमि की मांग

उच्च शिक्षा मंत्री के साथ मिंटिंग में अटल यूनिवर्सिटी बिलासपुर के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी की ओर से यूनिवर्सिटी के लिए अतिरिक्त भूमि की मांग उठाई गई। यूनिवर्सिटी परिसर से लगे शासकीय जमीन के लिए यूनिवर्सिटी की ओर से प्रस्ताव भी भेजा गया है। इसी तरह कुलपति श्री वाजपेयी ने यूटीडी में कुछ नए टीचिंग डिपार्टमेंट व पाठयक्रम खोले जाने के संबंध में भी अपनी बात कही।



# साड़ी संसार में सुनीता को मिली सोने की अंगूठी

**बिलासपुर।** अग्रसेन चौक श्रीराम क्लाथ मार्केट स्थित साड़ी संसार के 25 वीं वर्षगांठ पर एक विशेष ऑफर चलाया जा रहा है। इसमें 3 हजार की खरीदी करने पर

**बिजनेस प्लस**

एक कूपन दिया जा रहा है। जिसमें ग्राहकों को सोने की अंगुठी, सोने का सिक्का, चांदी की पायल, ट्रॉली बैग, क्राकरी सेट जीतने का मौका मिल रहा। इसका तीसरा लकी ड्रा 30 अगस्त को निकाला गया। जिसमें पहला इनाम सोने की अंगूठी सुनीता कर्ष (रामा लाइफ,सकरी), दूसरा इनाम सोने का सिक्का उमा ध्रुव (अशोकनगर बिलासपुर), तीसरा इनाम चांदी का पायल संगीता पाठक (भारतीय नगर) और चौथा इनाम 5 ट्रॉली बैग भावना तिवारी (सरकंडा) को मिला। इसी तरह प्रीति जायसवाल (दीपका कोरबा), आर के साहू (राजकिशोर नगर), ममता त्रिपाठी (तखतपुर, नेहा देवांगन (मस्तूरी), पांचवां ईनाम 5 क्राकरी सेट पूजा गुप्ता, (शुभम विहार), डा. मनीषा (सिम्स हास्पिटल), भारती सिंग (अमेरी), तनु राजपूत (बिलासपुर) को दिया गया। साड़ी संसार के संचालक ने बताया कि संस्थान द्वारा चलाई जा रही योजना का संस्थान को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस ड्रा को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह है। हर दिन खरीददारी करने ग्राहक साड़ी संसार पहुंच रहे हैं। इससे दुकान में सुबह-शाम तक लोगों की काफी भीड़ देखी जा सकती है। साड़ी संसार के लकी ड्रा में शामिल होने का यह बढ़िया अवसर है। यह लकी ड्रॉ दिवाली तक चलेगा और हर दशवें दिन लकी ड्रॉ निकाल कर इनाम विजेताओं को दिया जा रहा है।




# संत आनंद पहुंचे कर्नल्स एकेडमी, कहा बच्चे संस्कारवान बनें

**बिलासपुर।** कर्नल्स एकेडमी आफ रेडिएंट एजुकेशन में 2 सितंबर को संत आनंद का आगमन हुआ। यह क्षण काफी उत्साहपूर्ण रहा। सभी छात्र और

**एजुकेशन प्लस**

शिक्षकों ने तालियों की गड़गड़ाहट और फूलों से उनका स्वागत किया। छात्रों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किए।

संत श्री आनंद ने अपने प्रेरक भाषण में छात्रों को भारतीय संस्कृति की महत्ता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमें पाश्चात्य सभ्यता का अनुसरण न कर भारतीय संस्कृति को जीवित रखने का संकल्प लेना चाहिए। हमारी संस्कृति हमें सुशिक्षित, संस्कारवान बनाती है। बड़ों का सम्मान करना सिखाती है। उन्होंने कहा हमें हमारे माता पिता गुरू और ईश्वर का हमेशा कृतज्ञ होना चाहिए। उनका हमेशा सम्मान करना चाहिए। इनके आशीर्वाद से ही हमारी सफलता निर्भर है। उन्होंने छात्रों से कहा कि उन्हें अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। संत आनंद के सम्मान में स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर कैप्टन आर के त्रिपाठी, डायरेक्टर गीता त्रिपाठी, सचिव आशीष राज त्रिपाठी, प्राचार्य संजय कुमार साहू, उप प्राचार्य आराधना सिंह आदि मौजूद थे।



# नाइस टेक ने रचा इतिहास- एमपी और सीजी में पहला मैट एडमिशन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ नाइस टेक कम्प्यूटर एजुकेशन ने अकाउंटिंग प्रोफेशनल्स और विद्यार्थियों के लिए मास्टर एकाउंटेंट यूसिंग टैली प्राइम एडवांस अकाउंटिंग कोर्स की शुरुआत की है। यह कोर्स छात्रों को बेसिक से लेकर एक्सपर्ट लेवल तक थ्योरी और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग प्रदान करेगा। नाइस टेक के संचालक ने बताया कि इसमें 8 एडवांस मॉड्यूल्स एवं 22 प्रमुख टॉपिक्स हैं। इसमें एकाउंटिंग, टैक्सेशन, जीएसटी, पैरोल, बैंकिंग, एमआईएस रिपोर्ट, कोस्ट मैनेजमेंट, बिजनेस कम्युनिकेशन, रोल बैस्टड इंटरनशिप है। नाइस टेक ने एमपी और सीजी में पहला मैट एडमिशन देकर नई शुरुआत की है। इस कोर्स में प्रवेश लेने के लिए बी काम, सीए, सीएस और सीएमए विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रवेश के लिए बिलासपुर के ईदगाह चौक स्थित नाइट टेक एजुकेशन से संपर्क कर सकते हैं।


# राष्ट्र निर्माण की नींव हैं हमारे शिक्षक

## शिक्षक दिवस विशेष

भारत में प्रत्येक वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिन महान दार्शनिक, विद्वान, शिक्षक और भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। उन्होंने अपने पूरे जीवन को शिक्षा और ज्ञान के प्रसार के लिए समर्पित कर दिया। शिक्षक हमारे जीवन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। वे हमें केवल किताबों का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन जीने की सही दिशा और मूल्यों की शिक्षा भी प्रदान करते हैं। एक शिक्षक छात्र का भविष्य गढ़ता है और समाज को सच्चे अर्थों में मजबूत बनाता है। शिक्षक दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमें अपने गुरुओं का सम्मान करना चाहिए और उनके प्रति आभार व्यक्त करना चाहिए। इस दिन विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्र विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण, नाटक और कविताओं के माध्यम से अपने शिक्षकों का सम्मान करते हैं।














गुरू ब्रह्मा गुरू विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा।
गुरु साक्षात परब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नमः॥

# शिक्षक दिवस
## की हार्दिक शुभकामनाएं

# शिक्षा ही सच्ची पूँजी

"हमारे जीवन में यदि कोई व्यक्ति दिशा बदल सकता है तो वह है - शिक्षक। माता-पिता हमें जन्म देते हैं, लेकिन जीवन जीने का ढंग, सोचने का तरीका और सही रास्ता शिक्षक ही दिखाते हैं। इसी महत्व को याद करने के लिए हर साल 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है।"



### बदलते समय में शिक्षक की भूमिका

आज का दौर तकनीक और प्रतियोगिता का है। इंटरनेट और मोबाइल ने पढ़ाई को आसान बना दिया है, लेकिन बच्चों के मन में आत्मविश्वास, नैतिक मूल्य और मानवता का पाठ केवल एक शिक्षक ही पढ़ा सकता है। इसीलिए कहा जाता है कि गूगल जानकारी दे सकता है, लेकिन मार्गदर्शन सिर्फ गुरु ही कर सकता है।

### विद्यार्थी और शिक्षक का रिश्ता

गुरु-शिष्य का संबंध सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं है। यह रिश्ता विश्वास, प्रेरणा और आदर्शों पर टिका होता है। जब विद्यार्थी अपने शिक्षक के बताए रास्ते पर चलता है, तभी उसका जीवन सफल होता है।

### क्यों है यह दिन खास

शिक्षक दिवस हमें यह सिखाता है कि समाज में सबसे अधिक सम्मान उस व्यक्ति का होना चाहिए, जो दूसरों को ज्ञान देता है। जिस समाज में शिक्षकों का आदर नहीं होता, वह समाज कभी आगे नहीं बढ़ सकता। आज जरूरत है कि हम केवल 5 सितम्बर को ही नहीं बल्कि हर दिन अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करें। शिक्षा ही सच्ची पूँजी है और शिक्षक ही उस पूँजी के असली हक़दार होते हैं।

Happy Teacher's Day
Excellent 25 Years
AKSHAY GURUKUL
ENGLISH MEDIUM SCHOOL Affiliated to CGBSE
HOSTEL FACILITIES WITH MESS AVAILABLE FROM CLASS 6th
D.P. NAVGWAL Director Ex. Principal
J.P. YADAV President Ex. Govt. Principal
NURSERY TO CLASS-12th
SCIENCE & COMMERCE
COACHING FOR
NEET, JEE & B.SC.(CHEMISTRY, BIOLOGY)
IX, X, XI, XII CLASS CG & CBSE SYLLABUS
L-10, VINOBA NAGAR, BILASPUR (C.G.) MO.:9090182002, 9630405023, 07752 410973 akshaygurukul.ac.in akshay_gurukul
SMT. SHWETA SINGH PRINCIPAL

Happy Teachers Day
INTERNATIONAL DESIGN ACADEMY
Saida Vanak-Director
Creativity is intelligence & Having fun !!!
GET A CHANCE TO STUDY IN ITALY,MILAN
DEGREE/DIPLOMA
FASHION DESIGNING
INTERIOR DESIGNING
PHOTOGRAPHY
FINE ARTS
MAKEUP ARTISTRY
GRAPHIC DESIGN & ANIMATION
PAINTING / SKETCHING & OTHER COURSES ALSO AVAILABLE
CONTACT US ON - 6261224881
ADMISSIONS OPEN
PREMIER CREATIVE CAMPUS
BEHIND 13-14, MEDICAL COMPLEX, TELIPARA, BILASPUR (C.G)

शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
PROGRESSIVE
CONVENT HR. SEC. SCHOOL
ENGLISH & HINDI MEDIUM
NURSERY to CLASS 12th
Maths, Biology, Arts, Commerce & Agriculture
Excellent & Experience Faculty, Excellent Result
Heartiest Congratulations Exam 2025
SANDHYA TEKAM 97.16%
92.6% 90%
प्रोग्रेसिव कान्वेंट हा.से.स्कूल
कुम्हारपारा, जरहाभाठा, बिलासपुर, मो.8085160607

"माँ सिवाय अज्ञान के अंधकार कुछ नहीं है"
बुद्धि और ज्ञान....
प्रेरणा के स्त्रोत
माता को प्रणाम....
पिता को प्रणाम....
-डी. के.राय
शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नलिनी प्रभा देव प्रसाद रॉय कला वाणिज्य, विज्ञान पीजी महाविद्यालय
सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)
डी. के.राय-संचालक
07752-358531, 9303296088

Happy Teachers Day
GURUKRIPA COLLEGE
GROUP OF INSTITUTE
RAMTALA ROAD SENDRI, BILASPUR (C.G.)
COURSE OFFERED
PHARMACY
• D. PHARMACY
B.Sc. NURSING COURSE
PARAMEDICAL COURSE
DEGREE
• BBA • PGDCA
• BCA • DCA
• X-RAY TECHNICIAN
• LAB TECHNICIAN
• O.T. TECHNICIAN • CCH
ADMISSION OPEN
नोट: (1) SC, ST, OBC के छात्रों को छात्रवृत्ति एवं एजुकेशन लोन के आधार पर निःशुल्क प्रवेश।
(2) 12वीं सभी संकाय के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के कोर्स उपलब्ध।
(3) 5 एकड़ में विस्तृत भव्य कैम्पस एवं गार्डन, प्ले-ग्राउंड, लाइब्रेरी, मेस, कैंटीन, वाईफाई, लैब आदि की सुविधाएं।
(4) अनु. जाति/ अनु. जनजाति छात्रों को शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति सुविधा।
(5) छात्र-छात्राओं के लिए हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध।
सिटी ऑफिस: कमला काम्प्लेक्स नेहरु चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
07752-796378, 9329528463, 932953742
Email: gurukripacollege@gmail.com

CBSE Affiliation No. 3330102
Colonel's Academy Of Radiant Education Mangla, Bilaspur (C.G.)
Capt. R. K. Tripathi Managing Director
Dr. Geeta Tripathi Director
Mr. Aashish Raj Secretary
Admission Open For Class 11th Arts Science And Commerce Streams
Colonel's Academy is shaping young minds today, to build a brighter tomorrow.Where learning meets values, and dreams turn into reality.
Special Coaching Classes for IV and V (Navodaya Vidyalaya Entrance exam) Special Classes/Training for Agniveer entry training, Defence entry training, Police Academy training. NDA Entry training
• Green and Eco-Friendly Campus
• Atal Tinkering Lab
• NCC and Scout and Guide • NIOS
• Hostel Facilities
• Music and Dance Skill Development
• Swimming Pool
• Trained and Dedicated faculty
Add: Deendayal Colony Joki Road Mangla Bilaspur C.G Mo. 9424153737,7415053194

शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिक्षक ही सफल राष्ट्र का निर्माण करते हैं
भारत के पूर्व राष्ट्रपति
डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी
की जयंती पर शत्-शत् नमन...
चन्द्रशेखर पाण्डेय अध्यक्ष
शिवशंकर श्रीवास उपाध्यक्ष
छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शास. कर्मचारी संघ
जिला-बिलासपुर (छ.ग.) पंजीयन क्रमांक - 6424

एक आदर्श शिक्षक ज्ञान के साथ-साथ छात्रों को सही-गलत का ज्ञान कराता है, उन्हें प्रेरित करता है, उनके भविष्य के लिए तैयार करता है, उनमें आत्म-विश्वास, धैर्य, सहानुभूति, निष्पक्षता, और छात्रों के प्रति समर्पण जैसे कई महत्वपूर्ण गुण होते हैं, वह एक अच्छा संचारक होता है। मैं अपने शिक्षक होने पर गर्व करता हूँ। मेरे सभी शिक्षक साथियों को
शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।
शिक्षक वह होते हैं जो हमें केवल किताबों का ज्ञान नहीं देते बल्कि जीवन जीने की कला सिखाते हैं
Happy Teachers Day
डॉ. सचिन यादव
शिक्षक

"This Course Covers 8 Modules and 22 Professional Topics, with 9 Certificates Awarded"
Tally Education
Master Accountant using Tally
Industry-Ready Accounting Skills for a Future-Ready You!
Scan to Know More
NICETEC COMPUTER EDUCATION Since 1992
NiceTec Computer Education
Idgah Chowk, Bilaspur C.G.
9300966633, 9131230541
REGISTER NOW

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 5 सितंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## घर-घर हो रही विघ्नहर्ता की पूजा



दीनदयाल कॉलोनी मंगला।



कस्तूरबा नगर मित्र मंडल।



बसंत विहार गणेश उत्सव।



जय माधव समिति कोनी।



गुप्ता परिवार में विराजे गणपति।



जय माँ काली गणेश पचरीघाट।

## शहर में होने लगा गणेश प्रतिमा विसर्जन ,पचरीघाट, अरपा, छठ घाट में बढ़ी हलचल

# गणपति बप्पा मोरया, विदा होने लगे विघ्नहर्ता

शहर में गणेश विसर्जन का क्रम आरंभ हो गया है। गुरुवार को कई गणेश उत्सव समिति ने गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस जल्दी आ..की कामना के साथ पचरीघाट, अरपा, छठ घाट में गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन के समय श्रद्धालु भक्तों में काफी उत्साह रहा। वे नाचते, गाते, आतिशबाजी करते हुए चल रहे थे।







**बिलासपुर**। निवारण शिक्षण एवं समाज कल्याण समिति ने भगवान श्री गणेश का विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रतिमा का विसर्जन छठ घाट में किया। जहां समिति के संस्थापक धनेश रजक ने पूर्ण विधि-विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश को विदाई दी। साथ ही उपस्थित लोगों को संदेश दिया कि गणेशोत्सव केवल पूजा-पाठ का पर्व नहीं बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का भी अवसर है। समिति ने पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए स्वच्छ एवं सुरक्षित तरीके से विसर्जन किया एवं अपील की कि भविष्य में भी मूर्तियों का विसर्जन प्राकृतिक जल स्त्रोतों में स्वच्छता का ध्यान रखते हुए किया जाए ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल और पर्यावरण सुरक्षित रह सके।

### अनंत चतुर्दशी को रहेगी विसर्जन की धूम

इस बार अनंत चतुर्दशी सिद्ध योग में 6 सितंबर शनिवार को पड़ रहा है। इस दिन शहर के सभी विसर्जन स्थलों में गणेश प्रतिमा विसर्जित करने लाइन लगी रहेगी। स्कंद पुराण, ब्रह्म पुराण, भविष्यादि पुराणों के अनुसार यह व्रत भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को किया जाता है। सनातन धर्म में अनंत चतुर्दशी का विशेष महत्व है। यह पर्व भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशी को भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की आराधना के लिए मनाया जाता है। मान्यता है कि विधिपूर्वक अनंत चतुर्दशी व्रत करने से ऐश्वर्य और विजय की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि पांडवों और ऋषियों ने भी इस व्रत का पालन किया था। अनंत चतुर्दशी के आते-आते सभी गणेश प्रतिमा विसर्जित कर दी जाएगी।



### बच्चों ने पेश किया नृत्य, गीत

गणेश विसर्जन के अवसर पर एनएफबी ज्ञानदीप स्पर्श कन्या विद्यालय तिफरा में एक विशेष सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन समाज सेविका कु. आकृति शर्मा और पायल ठाकुर ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ई. यशवंत कुमार पटेल, डॉ. हमीद अब्दुल्ला तथा हैरी जॉर्ज अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद छात्राओं ने मनमोहक गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए। बच्चों को 60 सेनेटरी पैड, चॉकलेट्स और बिस्किट वितरित किए गए तथा उन्हें स्वच्छता एवं हाइजीन के महत्व के बारे में समझाया गया। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के शिक्षकों एवं स्टाफ का सम्मान किया गया। आकृति शर्मा ने बताया कि किस प्रकार वह दृष्टिबाधित बच्चों के लिए राइटर की व्यवस्था करती हैं और उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं का ध्यान रखती हैं। पायल ठाकुर ने दिव्यांग बच्चों के हितार्थ अपनी अब तक की उपलब्धियां को बताया और बच्चों के पैन कार्ड बनवाने में मदद करने की बात कही। इस मौके पर यूथ संस्कार के संस्थापक अभय दुबे, तनु लोधी, गौरी शर्मा, प्रियंका तिवारी, नेहा महना, मोनिका पायल उपस्थित रहे।

### फाउंडेशन एकेडमी में महा आरती व भोग भंडारा आज

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में गणेश पूजा के अवसर पर आज 5 सितंबर को महा आरती की जाएगी तथा 6 सितंबर को विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर गणपति जी का विसर्जन किया जाएगा। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी में पिछले 9 सालों से गणपति जी की पूजा की जा रही है। हर साल की तरह इस बार भी गणपति पूजा में 8 दिनों से गणेश जी की प्रतिदिन विधि विधानसभा पूजा अर्चना कर आरती की जा रही है। प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। आज पांच सितंबर को शाम 7 बजे पूजा पंडाल में क्रिकेट खिलाड़ियों तथा फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के सदस्यों के द्वारा महा आरती की जाएगी। तथा भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के अध्यक्ष प्रिंस भाटिया ने खिलाड़ियों एवं शहर के श्रद्धालु जनो को महाआरती पर आमंत्रित किया है। एकेडमी की शुरुआत 2016से ही गणपति बप्पा का पूजन किया जा रहा है। गणेश चतुर्थी से लेकर विसर्जन तक फाउंडेशन खेल मैदान में गणेश पूजा पर खिलाड़ियों तथा श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है।

कार्यक्रम

## संयुक्त महिला संगठन ने मनाया सदस्यों का जन्मदिन



**बिलासपुर**। संयुक्त महिला संगठन के द्वारा सदस्यों का छह माह का जन्मदिवस समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष विद्या केडिया ने सभी को जन्मदिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कामना की। सभी सदस्यों ने हौजी एवं विभिन्न मनोरंजन गेम खेलें, फिर केक काटकर सबका जन्मदिवस मनाया गया। जिनके जन्मदिवस थे उन्हें संगठन की तरफ से गिफ्ट दिये गए। इसके बाद सभी ने स्वल्पाहार का आनंद लिया। इस अवसर पर लता सिंघानिया, शिखा अग्रवाल, सुनिता शर्मा, सावित्री अग्रवाल, आशा बजाज, मीरा अग्रवाल, पुष्पा तायल, अनीता सोंथालिया, सीमा अग्रवाल प्रिया भंडारी, स्वीटी केडिया, रेखा गोयल, सुषमा अग्रवाल, कल्पना बुधौलिया, मधु मित्तल हेमलता अग्रवाल, शशि आहूजा, विमला मित्तल, रश्मि छावडा, कविता जाजोदिया शिल्पी केडिया आदि उपस्थित थी।

आयोजन

## संतुलित आहार, नियमित व्यायाम से मिलता है सफल जीवन

**बिलासपुर**। शासकीय माता शबरी महाविद्यालय में पीसीओडी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ केके भंडारी मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने छात्राओं को स्वस्थ जीवन एवं स्वाध्याय के महत्व पर जानकारी दी, उन्होंने कहा कि नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार और आत्मअनुशासन अपनाकर ही व्यक्ति स्वस्थ व सफल जीवन जी सकता है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ सीमा टावरी ने नेचुरोपैथी एवं जीवनशैली प्रबंधन



के माध्यम से पीसीओडी की रोकथाम व नियंत्रण पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और तनाव नियंत्रण से इस समस्या पर काबू पाया जा सकता है।विशेष आकर्षण के रूप में डॉ सीमा टावरी ने छात्राओं के बीच क्विज़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम गृहविज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ शोभा महेश्वर ने किया डॉ ललिता साहू ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ अर्चना शुक्ला, डॉ ईशा बेला, डॉ अनुपा, डॉ यति नंदनी, डॉ वंदना, डॉ दीपक शुक्ला, डॉ सुरेखा, डॉ रश्मि, भारत आनंद, चित्र रेखा एवं नीलेश्वरी सहित महाविद्यालय की लगभग 150 छात्राएँ उपस्थित रहीं।

**मंगल आरती व स्तोत्र पाठ कर किया प्रसाद वितरण**

## व्यंकटेश मंदिर में भगवान वामन का मनाया गया प्राकट्य उत्सव

सदर बाजार स्थित श्री व्यंकटेश मंदिर में वामन द्वादशी पर भगवान वामन का प्राकट्य उत्सव मनाया गया। इस दौरान मंगल आरती कर स्तोत्र पाठ किया गया। दधिओदन का दिव्य प्रसाद वितरण किया गया।



**बिलासपुर**। सत्संग में भगवान वामन पर आधारित भजन गाए गए। वामन द्वादशी का त्योहार भाद्रपद शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को मनाया जाता है। भागवत पुराण के अनुसार वामन भगवान विष्णु के पांचवें अवतार थे। वामन देव ने भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष द्वादशी को अभिजित मुहूर्त में माता अदिति व कश्यप ऋषि के पुत्र के रूप में जन्म लिया था। पौराणिक कथा के अनुसार भगवान विष्णु ने स्वर्ग लोक पर इन्द्र देव के अधिकार को पुनःस्थापित करवाने के लिए ही वामन अवतार लिया था।



## अंशिका शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया





*__बिलासपुर__। साईं नृत्य निलमय द्वारा आयोजित प्रणवम कार्यक्रम के द्वारा कथक, गायन,म्यूजिक तबला, एकल ग्रुप प्रोग्राम का आयोजन विगत दिवस बीटीसी ऑडिटोरियम कृषि विद्यालय कोनी में आयोजित किया गया। जिसमें नगर की प्रतिभा अंशिका शर्मा ने सीनियर ग्रुप में अपनी प्रस्तुति दी एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया, इससे पूर्व में भी अंशिका शर्मा द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी निभाई। जिसमें भी उनकी प्रतिभा के अनुसार प्रथम, द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया, अंशिका शर्मा सेंट फ्रांसिस स्कूल की कक्षा 10 वीं की छात्रा है,वे अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजन और सहयोगी को देती है।*

स्पोर्ट्स न्यूज

## क्रिकेट संघ बिलासपुर के अंडर-19 वनडे ट्रायल आज



**बिलासपुर**। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी वर्गों का इंटर डिस्ट्रिक्ट मैच कराया जाएगा। जिसके लिए द्वारा सभी जिला को निर्देशित किया गया है की सभी ग्रुपों का ट्रायल कराया जाए। जिसके लिए क्रिकेट संघ द्वारा अंडर 19 वनडे 5 सितंबर सुबह 9 बजे से कोनी के आधारशीला विद्या मंदिर स्कूल में ट्रायल लिया जाएगा। जिसके लिए ट्रायल देने वाले सभी खिलाड़ी अपना ओरिजिनल डॉक्यूमेंट जैसे अंतिम 6 साल के मार्कशीट,पीवीसी आधार कार्ड, डिजिटल बर्थ सर्टिफिकेट और एक पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है। साथ ही ट्रायल और रजिस्ट्रेशन फीस देने होंगे और ट्रायल सफ़ेद ड्यूस बॉल में लिया जाएगा और सभी खिलाड़ी कलर ड्रेस में उपस्थित होना है। इस वर्ष जो ट्रायल लिया जा रहा है, वह सत्र के लिया जाएगा जिसके लिए अंडर 19 के लिए इस वर्ष कट ऑफ डेट निर्धारीत किया गया है जो कि 1 सितंबर 2007 के बाद जन्म लेने वाले खिलाड़ी ट्रायल दे सकते हैं। ट्रायल के लिए फॉर्म क्रिकेट संघ के ऑफिस में प्राप्त होगा और फॉर्म को ऑफिस में ही सबमिट करना होगा जिसके लिए क्रिकेट संघ बिलासपुर के ऑफिस सरजू बगीचा मसानगंज में दोपहर के 2 से 5 बजे के मध्य फॉर्म दिया जाएगा और फॉर्म सबमिट किया जाएगा। ऐसे खिलाड़ी जो दूर किसी गांव में रहते है उन्हें जैसे पेंड्रा, मुंगेली ऐसे खिलाड़ी व्हाट्सएप में मैसेज कर फॉर्म ले सकते हैं और शहर के आस पास के खिलाड़ी ऑफिस में जाकर फॉर्म सबमिट करेंगे और ट्रायल के दिन किसी प्रकार का फॉर्म नहीं भरा जाएगा। जिसमें सभी खिलाड़ी अपने ओरिजिनल डॉक्यूमेंट के अलावा सभी डॉक्यूमेंट के फोटो कॉपी जमा करना होगा जिसके लिए महेश दत्त मिश्रा से संपर्क कर सकते हैं।

## राज्य स्तरीय एथलेटिक्स का आयोजन आज से



22वीं सब-जूनियर, जूनियर एवं अंडर-23 बालक-बालिका छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 5 सितंबर से बहतराई एथलेटिक्स स्टेडियम में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 7 सितंबर तक चलेगी। प्रेस ट्रस्ट भवन, ईदगाह चौक में पत्रकारों से चर्चा करते हुए अमरनाथ सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ एवं जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता 5 वर्गों में आयोजित होगी, जिनमें निम्न आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों से लगभग 1200 खिलाड़ी, तकनीकी अधिकारी, प्रबंधक, प्रशिक्षक, अभिभावक एवं आयोजक शामिल होंगे। खिलाड़ियों के लिए आवास और भोजन की समुचित व्यवस्था की जा रही है। प्रथम चार स्थानों पर आने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, विजेताओं को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल भी प्रदान किए जाएंगे। सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट और तकनीकी अधिकारियों को भी टी-शर्ट प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता में चैम्पियन जिला को ट्रॉफी दी जाएगी। पंजीयन छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ की आधिकारिक वेबसाइट पर किया जा रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 3 सितंबर शाम 6 बजे तक निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को वेस्ट ज़ोन प्रतियोगिता,जो शिवपुरी में आयोजित की जा रही है, में भाग लेने का अवसर मिलेगा। साथ ही, अंडर-23 नेशनल प्रतियोगिता में भी प्रतिभागिता का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को ऑनलाइन प्रमाण पत्र दिया जाएगा। यह प्रतियोगिता एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा निर्धारित इवेंट्स और नियमों के अनुरूप आयोजित की जाएगी।

# ईद-मिलाद-उन-नबी की दिली मुबारकबाद






















## खबर संक्षेप

### महंत व जांगिड़ लेंगे बैठक आज

**बिलासपुर।** बिलासपुर में 9 सितंबर को कांग्रेस का वोट चोर गद्दी छोड़ प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन होने जा रहा है। इसी कार्यक्रम की की तैयारी को लेकर शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी विजय जांगिड़ कांग्रेस भवन में बैठक लेंगे। इस बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव विधायक देवेन्द्र यादव एवं जिला प्रभारी सुबोध हरितवाल भी उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में कांग्रेस के सभी विधायक, जनप्रतिनिधियों, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, पदाधिकारियों सहित सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस आदि मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को शामिल होने कहा गया है।

### स्कूलों में होंगे विविध कार्यक्रम आज से

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सभी विभागों के साथ-साथ जिले में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान एवं 6 सितम्बर को विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों का प्रदर्शन किया जाएगा। 7 सितम्बर को स्कूलों में सांस्कृतिक उत्सव होगा। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी विजय टाण्डे ने बताया कि विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष समारोह का आयोजन उत्साह पूर्ण वातावरण में मनाया जा रहा है। समग्र शिक्षा के सहायक जिला परियोजना अधिकारी रामेश्वर जायसवाल ने बताया कि रजत जयंती वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम जिले के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित किए जा रहे हैं तथा कार्यक्रम का संकुल शैक्षिक समन्वयकों, संकुल प्राचार्यों तथा अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है।

### ईद-ए-मिलाद पर पर अवकाश घोषित

**बिलासपुर।** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 5 सितम्बर शुक्रवार को ईद-ए-मिलाद (मिलाद-उन-नब्बी) पर्व के लिए सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश की सूची में ईद-ए-मिलाद के लिए पूर्व में 6 सितम्बर को अवकाश घोषित किया गया था। राज्य शासन ने इसे निरस्त कर 5 सितम्बर शुक्रवार को सामान्य एवं सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। 6 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर ऐच्छिक अवकाश यथावत रहने के आदेश जारी किए गए हैं।

### तिरुपति-बिलासपुर के समय में बदलाव 11 से

**बिलासपुर।** दपूमरे ने रेल यात्रियों की सुविधा एवं गाड़ियों के समय पालन में सुधार हेतु 17482 तिरुपति-बिलासपुर एक्सप्रेस के प्रस्थान एवं आगमन के समय सारिणी में आंशिक संशोधन किया है। यह संशोधित समय सारिणी 11 सितम्बर से प्रभावित होगी। 17482 तिरुपति-बिलासपुर एक्सप्रेस का राजमंड्री, द्वारापुडी, अनपर्ति, समलकोट, पिठापुरम, अन्नवरम, टूनी तथा येलमंचिली स्टेशन पर आगमन व प्रस्थान समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है।

---

जांच हुई तो फर्जी मिलेंगे 75 प्रतिशत मामले

ज्यादातर आवेदकों ने फर्जी किरायानामा लगाकर पाया सर्टिफिकेट

# आवेदकों की जांच के बगैर डेढ़ साल में जारी हुए 130 ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट

**बिलासपुर** तहसील आफिस से पिछले डेढ़ वर्षों में 130 ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट जारी किए गए हैं। वकालतनामा व इश्तहार प्रकाशन का नियम नहीं होने के कारण केवल पटवारी प्रतिवेदन व आवेदकों से शपथपत्र लेकर आवेदन वाली तिथि को ही सर्टिफिकेट जारी होते रहे।

अधिकारियों ने सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले आवेदकों की किसी भी तरह की जानकारी तहसील में उपलब्ध नहीं होने की बात कह दी है। अधिकारी सूचना के अधिकार के अंतर्गत भी ये जानकारी उपलब्ध करा पाने में असमर्थता जता रहे हैं। तहसील आफिस से जारी केवल तीन छात्राओं के ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट में तहसीलदार के हस्ताक्षर फर्जी होने के मामले ने इतना विकराल रूप ले लिया कि पिछले दस दिनों से तहसील आफिस का माहौल गर्म है। जबकि बीते डेढ़ वर्षों में इसी आफिस से सैकड़ों की संख्या में ऐसे छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट जारी किए गए हैं, जिनके अभिभावकों ने शपथपत्र में अपने आपको किराएदार बताते हुए आवेदन में एक किरायानामा लगाकर सर्टिफिकेट प्राप्त कर लिया है। न उनसे किसी भी तरह का वकालतनामा लिया गया और न ही अखबार में किसी भी तरह का इश्तहार प्रकाशन कराया गया है। आवेदन में आवेदक की ओर से दिया गया शपथपत्र, पटवारी का प्रतिवेदन और कहीं वकील, तो कहीं दलालों की अगुवई में बगैर जांच के सर्टिफिकेट जारी होते गए।

हैरत की बात तो यह है कि बीते डेढ़ सालों में जिन-जिन लोगों को ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट जारी किए गए हैं, तहसील आफिस से न तो उनकी विस्तृत जानकारी दी जा रही है, और न ही अधिकारी संख्या भी बता पाने में सक्षम हैं। तहसील आफिस से दो साल के भीतर जिन-जिन आवेदकों को यह सर्टिफिकेट जारी किए गए हैं अगर उनकी उच्च स्तर पर विस्तृत जांच की गई तो पूरी संभावना है कि चौंकाने वाले परिणाम सामने आएंगे।

### अभिभावकों के मन में समाया डर

पिछले डेढ़ वर्षों में जिन-जिन अभिभावकों ने शपथ पत्र में गलत जानकारी देकर अपने बच्चों के फर्जी ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट बनवाए हैं व उन्हें विभिन्न संस्थानों में प्रवेश दिलाकर पढ़ाई कराई जा रही है। तहसील से जारी फर्जी सर्टिफिकेट मामला उजागर होने के बाद अब उनके मन में भी डर समा गया है। सूत्रों के अनुसार अभिभावक बड़ी संख्या में उन किराए के आपरेटरों से संपर्क साधकर यह पूछ रहे हैं कि कहीं जांच में उनके बच्चों का सर्टिफिकेट भी फर्जी करार न दे दिया जाए।

### मैने तो सैकड़ों सर्टिफिकेट जारी किए

मैं करीब डेढ़ वर्ष बिलासपुर में पदस्थ था। इस अवधि में मेरे द्वारा करीब 130-140 की संख्या में ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट जारी हुआ होगा। मैं तो लगभग रोज ही सर्टिफिकेट जारी करता था। कई सर्टिफिकेट तो आवेदन वाले दिनांक को ही जारी हो जाते थे। इश्तहार प्रकाशन व वकालतनामा का नियम नहीं है, इसलिए आवदकों के शपथपत्र व पटवारी प्रतिवेदन के आधार पर सर्टिफिकेट जारी होते रहे हैं। इस बात से बिल्कुल इनकार नहीं किया जा सकता कि आवेदकों ने शपथ पत्र में गलत जानकारी देकर सर्टिफिकेट नहीं लिया होगा। वैसे भी बिलासपुर में लोग शपथपत्र में गलत जानकारी देकर सर्टिफिकेट बनवाने के लिए तैयार बैठे रहते हैं। ज्यादातर आवेदकों ने अपने आपको किराए के मकान में रहना बताकर किरायानामा लगाकर सर्टिफिकेट लिया है। अगर सर्टिफिकेट की जांच होगी तो आवेदक ही फंसेंगे। जिन आवेदकों को सर्टिफिकेट जारी हुए हैं उन सभी की जानकारी तहसील आफिस में होनी चाहिए। हेड ब-121 से जानकारी छांटकर निकालनी पड़ेगी, इसीलिए जानकारी उपलब्ध ही नहीं है बोला जा रहा होगा।

**-मुकेश कुमार देवांगन**
तत्कालीन तहसीलदार बिलासपुर

### जानकारी उपलब्ध नहीं

पिछले वर्षों में कितने आवेदकों को ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट जारी किए गए हैं, इसकी आवेदकवार या संख्यात्मक कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं है। यह जानकारी सूचना का अधिकार लगाने पर भी नहीं दे पाएंगे। लिखकर दे देंगे कि जानकारी उपलब्ध नहीं है। मैंने तहसील में अब अलग रजिस्टर बनाकर सारी जानकारी दर्ज करने को कहा है।

**-मनीष साहू**, एसडीएम बिलासपुर

### संख्या बता पाना संभव नहीं

एक-डेढ़ वर्षों में किन-किन आवेदकों को ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट जारी किए गए इसकी जानकारी उपलब्ध नहीं है। संख्यात्मक जानकारी भी बता पाना संभव नहीं है।

**-गरिमा सिंह ठाकुर**, तहसीलदार बिलासपुर

---

भरनी सीआरपीएफ कैम्प के आगे हुई दुर्घटना

# मवेशी को बचाने के फेर में तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, एक महिला की मौत, 3 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मवेशी को बचाने के फेर में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार में सवार एक ही परिवार के सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए और कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को निजी हास्पिटल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल उनके पति को अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। दो लोगों का निजी हास्पिटल में इलाज चल रहा है। मृतका पूर्व सीएमएचओ प्रमोद तिवारी की भाभी थीं।

सकरी टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि गुरूवार को पूर्व सीएमएसओ प्रमोद तिवारी के बड़े भाई लोरमी घटौली निवासी रमेश तिवारी, अपनी पत्नी विद्या तिवारी, मंजुला तिवारी, सम्यक तिवारी के साथ कार क्रमांक सीजी 28, 3354 से बिलासपुर आ रहे थे, कार श्री तिवारी स्वयं चला रहे थे। सुबह 11 बजे भरनी सीआरपीएफ कैम्प के पहले अचानक सामने मवेशी आ जाने से उसे बचाने के लिए उन्होंने कार किनारे की तो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। रफ्तार तेज होने से कार के सामने के हिस्से के परखच्चे उड़ गए और पति पत्नी सहित चारों लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। चारों घायलों को कार से बाहर निकालकर संजीवनी हास्पिटल भेजा गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद श्रीमती विद्या तिवारी को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल रमेश तिवारी को इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया गया। वहीं मंजुला, सम्यक का संजीवनी हास्पिटल में इलाज चल रहा है।



भरनी सीआरपीएफ कैंप के पास दुर्घटनाग्रस्त कार।

### ट्रक की चपेट में आने से पिकअप चालक की मौत

- सब्जी लेकर जा रहा था पिकअप चालक
- भोजपुरी टोल प्लाजा के पास हुई घटना

सब्जी लेकर जा रहा पिकअप चालक ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हिर्री पुलिस ने बताया कि आज सुबह चार बजे के आसपास पिकअप क्रमांक सीजी 07 सी व्ही 5096 का चालक भोजपुरी टोल प्लाजा के पास अज्ञात ट्रक की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। वह अपनी गाड़ी में सब्जी लेकर जा रहा था। चालक की पहचान शिव कुमार साहू के रूप में हुई है। मृतक खीरा लोड कर कुरूद धमतरी से अंबिकापुर जा रहा था। पुलिस का कहना है कि पिकप चालक खड़े ट्रक की चपेट में आ गया होगा, क्योंकि टोल प्लाजा के पास अक्सर बहुत से ट्रक खड़े रहते हैं, जिससे हादसा होता है।

### एक सप्ताह पहले भी हुआ था भीषण हादसा

27 अगस्त की रात घुरू निवासी रितेश श्रीवास, रामेश्वर मानिकपुरी व दो लड़कियां ब्रेजा क्रमांक सीजी 10 बीएफ, 5935 में सवार होकर कोटा की ओर जा रहे थे। रात 2 बजे उनकी तेज रफ्तार कर सकरी शासकीय स्कूल के पास अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर चबूतरा को तोड़ते हुए पेड़ से टकरा गई थी। हादसे में रितेश श्रीवास की मौत हो गई थी। वहीं दो लड़की व एक युवक घायल हो गए थे।

---

# लाठी से पीट पीटकर युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मामूली विवाद में लाठी से पीट पीटकर एक युवक की हत्या कर दी गई है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

कोनी पुलिस के अनुसार, 3 सितंबर की रात 8.30 बजे ग्राम निरतू आवासपारा निवासी कोमल खैरवार पिता केशव प्रसाद 40 साल का भरत उर्फ छोटू सोनी पिता नारायण सोनी 21 साल के साथ गाली गलौज करने को लेकर विवाद हो गया। इस पर आक्रोशित भरत उर्फ छोटू सोनी ने डंडे से उसके सिर व चेहरे पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही कोमल खैरवार की मौत हो गई। उसके बाद भरत उर्फ छोटू भाग निकला। उत्तरा मरावी ने कोनी पुलिस को सूचना दी। पुलिस गांव पहुंची तो नीम पेड़ के पास खून से लथपथ कोमल खैरवार की लाश पड़ी हुई थी। पूछताछ में मृतक की बेटी केसरी खैरवार ने बताया भरत सोनी के द्वारा लाठी से मारकर हत्या की गई है। पुलिस गांव में पतासाजी कर भरत उर्फ छोटू सोनी को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया है। पुलस ने बीएनएस की धारा 103, 1 के तहत उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।



आरोपी।

# सीयू के 3 छात्रों को युवकों ने बेल्ट-डंडे से पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंट्रल यूनिर्वसिटी के तीन छात्रों की 12 युवकों ने हाथ मुक्का, बेल्ट, डंडे से पिटाई कर दी, मारपीट से आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोनी पुलिस के अनुसार, फरीदाबाद संजय गांधी मेमोरियल नगर हरियाणा निवासी राहुल देव सिंह पिता शेर सिंह कोनी रामायणनगर में रहकर सेंट्रल यूनिर्वसिटी में विधि विभाग की पढ़ाई कर रहे हैं। 2 सितंबर की रात 12.3 बजे रिवरव्यू कालोनी मोड मेन रोड नियर लक्जोर काम्प्लेक्स के पास वे अपने दो साथी संजय मीणा, पंकज यादव के साथ खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान अंकित सिंह, जयकांत सिंह, अतुल पाण्डेय, अभिनव मिश्रा, आशीर्वाद आनंद, रोशन कुशवाहा, पीयूष यादव, गौरव सिंह राजपूत, अमन कुमार तिवारी, आदित्य मौर्य, अजय मेहता, नवजेज एवं अन्य लोग आए और गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर सभी युवकों ने तीनों युवकों को हाथ मुक्का, बेल्ट, लाठी से मारपीट करने लगे। मारपीट होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लोगों की भीड़ एकत्रित होने पर हमलावर युवक भाग निकले। मारपीट से तीनों छात्रों को चोटें आई हैं।

पुलिस ने राहुल देव सिंह की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 191, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---


# सीसीटीवी फुटेज में नजर आने के बाद भी पकड़ा नहीं गया चोर

**बिलासपुर।** हटिया-दुर्ग स्पेशल ट्रेन से आईटीबीपी के चार जवानों में से दो के पिस्टल और कारतूस चोरी के मामले में आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने सीसी टीवी फुटेज चेक किया, जिसमें चोर गेट नम्बर चार से बैग लेकर निकलते हुए दिखाई भी दिया। इसके बाद भी जीआरपी और आरपीएफ की टीम चोर पकड़ने में नाकाम रही है।

वहीं अपने ही बैग व अन्य सामान की पहचान आईटीबीपी के जवान भी नहीं कर पा रहे हैं, जिसके कारण आरोपी की खोजबीन करने में भी काफी परेशानी हो रही है। जानकारी के अनुसार बुधवार 3 सितम्बर की देर रात हटिया से दुर्ग के बीच चलने वाली 08185 स्पेशल ट्रेन में रांची से दुर्ग तक आईटीबीपी रांची 40वीं बटालियन के चार जवान जनरल कोच में सफर कर रहे थे। देर रात 3 बजे तक चारों जवान आपस में चर्चा करते हुए अपना समय बीता रहे थे। रात 3 बजे के बाद ट्रेन के चांपा रेलवे स्टेशन से रवाना होते ही चारों जवानों की आंख लग गई। इस दौरान उन्होंने अपना बैग दो बर्थ के बीच में रख दिया था, जिसमें 4 मैग्जीन, 24 नग 9 एमएम राउंड, एक मोबाइल और 10 हजार रुपए व कपड़े सहित अन्य सामान रखे हुए थे।

### नहीं मिल रहा मोबाइल लोकेशन

जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार बैग में पिस्टल, कारतूस, नकद 10 हजार रुपए के अलावा मोबाइल भी रखा हुआ था। चोर बैग को कोच रेस्टोरेंट के पास फेंक दिया, लेकिन उसमें से मोबाइल, पिस्टल, कारतूस लेकर फरार हो गया है। अज्ञात चोर ने अब तक मोबाइल को शुरु नहीं किया है, जिसके कारण अब तक उसका लोकेशन प्राप्त नहीं हो सका है।



### नशीली दवा बेचने आया युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रायपुर से नशीली दवा बेचने आए एक युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से 50 नग इंजेक्शन बरामद किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर को सूचना मिली रायपुर का एक युवक नशीली दवा लेकर आया है और जवालीनाला के पास खड़े होकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। उन्होंने सूचना को गंभीरता से लेते हुए जवालीनाला के पास दबिश देकर रायपुर पचपेड़ी मंगली बाजार एमबी रोड निवसी अरमान अख्तर उर्फ नुमान पिता रियाजुद्दीन 32 साल को पकड़ लिया। पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर प्रतिबंधित 50 नग इंजेक्शन मिला। पुलिस ने 21, 22 एनडीपीएस के तहत इंजेक्शन जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### न्यायालय परिसर में महिला वकील को धमकी

**बिलासपुर।** न्यायालय परिसर में महिला वकील को उसके पति ने केस वापस लेने को कहते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी । पुलिस ने पति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, यदुनंदन नगर निवासी ए. संध्या राव पेशे से वकील हैं। उन्होंने रिपोर्ट लिखाई 25 अगस्त की दोपहर 1 बजे कुटुम्ब न्यायालय में नियत पेशी पर उपस्थित थीं। उनके पति ए. शिवशंकरराव ने न्यायालय परिसर में उन्हें रोककर केस वापस लेने के लिए धमकाया। केस वापस नहीं लेने पर जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज की। उन्होंने मना करते हुए पुलिस बुलाने की बात कही तो आक्रोशित होकर मारने की धमकी देने लगा। पूर्व में भी उनका पति इस तरह की घटनाएं कर चुका हैं। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर ए. शिवशंकर राव के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### युवक पर ब्लेड से हमला, आरोपी पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** गणेश पंडाल के पास गाली देने से मना करने से एक युवक पर ब्लेड से हमला कर दिया गया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, नगपुरा निवसी रूपेन्द्र मात्रे पिता सालिकराम गांव के गणेश पंडाल में बैठे थे और महिलाएं भजन कीर्तन कर रही थीं। इसी दौरान कुनाल ध्रुव पंडाल के पास आया और गाली गलौज करने लगा। रूपेन्द्र ने उसे गाली देने से मना किया तो उसने ब्लेड से हमला कर दिया। पुलिस ने रूपेन्द्र की रिपोर्ट पर हमलावर कुनाल ध्रुव के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

प्रदर्शनकारियों ने किया सीएमएचओ कार्यालय का किया घेराव

# बर्खास्तगी के विरोध में 700 कर्मचारियों ने सौंपा इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एनएचएम की हड़ताल के दौरान काम पर नहीं लौटने के मामले में शासन ने अपना डंडा चलाया है और प्रदेश भर में कार्रवाई की है। जिले के 2 पदाधिकारियों को भी एनएचएम से बर्खास्त कर दिया गया है, जिसका विरोध होने लगा है। गुरूवार को 735 कर्मचारियों ने सामुहिक इस्तीफा सौंप दिया है।

मिशन कर्मचारियों का हड़ताल के 18वें दिन 735 कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का घेराव और प्रदर्शन कर सामुहिक इस्तीफा सौंप दिया है। दरअसल शासन ने हड़ताली कर्मचारियों को सबक सिखाने के लिए पदाधिकारियों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है, जिले में भी 2 कर्मचारियों की नौकरी पर तलवार लटक चुकी है, जिसके बाद कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा है। अब एनएचएम कर्मचारी और शासन आमने-सामने हैं।



**10 कर्मचारियों ने ज्वाइनिंग दी:** बताया जा रहा है कि शासन की बर्खास्तगी के बाद कर्मचारियों में भी नौकरी जाने का भय पनपने लगा है। एनएचएम के 10 कर्मचारियों ने अपनी ज्वाइंनिंग दी है। काम पर लौट रहे कर्मचारियों को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपने कर्तव्य से अवगत करा रहे हैं।

### शासन के खिलाफ नारेबाजी

कर्मचारियों ने गुरूवार को कोन्हेर गार्डन में बैठक की और शासन की उदासीनता का विरोध किया गया। सैंकड़ों कर्मचारियों ने सीएमएचओ कार्यालय का घेराव करने की रणनीति बनाई। प्रशासन से अनुमति मिलने पर कोन्हेर गार्डन से सीएमएचओ कार्यालय तक बाइक रैली निकाली। पुलिस प्रशासन ने कार्यालय का गेट बंद कर दिया गया था। कर्मचारियों ने स्वास्थ्य विभाग, शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नियमितीकरण, ग्रेड पे के नारे लगाए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. शुभा गढ़ेवाल ने कर्मचारियों का त्याग पत्र ले लिया है।



## खबर संक्षेप

### आज राज्यपाल के हाथों पुरस्कृत होंगी आरती



**गौरेला।** शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को गौरेला की शिक्षाविद एवं शास उमा विद्यालय गौरेला की प्राचार्य आरती तिवारी को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के हाथों सम्मानित किया जाएगा। आरती तिवारी को उनके शिक्षा के लिए किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों और योगदान को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया जाएगा।

### मेडिकल टीम ने किया डॉक्टर दाऊ का सम्मान



**लोरमी।** चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टर जीएस दाऊ को मेडिकल टीम की ओर से सम्मानित किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जीएस दाऊ 50 बिस्तर अस्पताल में अपनी उत्कृष्ठ सेवाएं दे रहे हैं। मेडिकल टीम लोरमी ने डॉक्टर दाऊ के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया है। इस अवसर पर लोरमी ब्लॉक अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, सचिव मुकेश कश्यप, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू,जीवन साहू, राजेश झारिया, जीतेन्द्र साहू,जीतेन्द्र राजपूत, संजय जायसवाल एवं समस्त मेडिकल टीम उपस्थित थी।

### छात्रों ने की पोर्टल पुनः खोले जाने की मांग



**तखतपुर।** शासकीय जेएमपी महाविद्यालय के छात्रों के द्वारा बीए बीएससी. बीकॉम. प्रथम सेमेस्टर प्राइवेट का पोर्टल मात्र 6 दिनों के लिए खुला था इसके कारण अधिकांश छात्र आवेदन करने से वंचित हो गए थे। छात्र प्रियांशु डहरिया, अंकित मसीह, चिंटू ठाकुर, राकेश धुरी, तुषार बंजारे, क्लेश कुमार, गौकरण मरावी सहित अन्य ने तखतपुर शासकीय जे एम पी महाविद्यालय प्राचार्य विनोद कुमार दुबे को परीक्षा नियंत्रण अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के नाम पर ज्ञापन दिया गया और पोर्टल पुनः खोले जाने की मांग की।

### राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग में परमेश्वरी गोपाल ने जीते कांस्य




**मल्हार।** राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप चिल्ड्रन एंड कैडेट्स का आयोजन तमिलनाडु के चेन्नई में 27 अगस्त किया गया। प्रतियोगिता में नगर के दो सगे भाई-बहन ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर नगर को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में परमेश्वरी लोहार एवं गोपाल लोहार ने भी कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले भी इन भाई-बहनों ने राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में कई बार गोल्ड व सिल्वर मेडल अपने नाम कर चुके हैं।

### गणेश विसर्जन को लेकर आगर स्पोर्ट्स क्लब की बैठक



**मुंगेली।** नगर में स्थापित गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन झांकी की स्वागत आदि को लेकर आगर स्पोर्ट्स क्लब की बैठक हुई। जिला मुख्यालय नगर में स्थापित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन रविवार 7 सितंबर को शाम 6 बजे से किया जाएगा। प्रतिमाओं का एकत्रीकरण कृषि उपज मंडी प्रांगण में होने के पश्चात विसर्जन झांकी निकलेगी। आगर स्पोर्ट्स क्लब द्वारा कई वर्षों से परशुरामजी चौक पुराना बस स्टैंड पर मंच बनाकर गणेश एवं दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु मंच के सामने पहुंची प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना व समितियों का स्वागत किया जाता है। इसी संदर्भ में आगर स्पोर्ट्स क्लब के सदस्यों की बैठक अध्यक्ष किशोरीलाल केशरवानी के निवास पर हुई। बैठक में समिति के सदस्यों के बीच कार्य विभाजन किया गया। बैठक में अध्यक्ष किशोरीलाल केशरवानी, शैलेश पाठक, हेमेंद्र गोस्वामी, स्वतंत्र मिश्रा, सुनील पाठक, आशीष मिश्रा, कोटूमल दादवानी आदि उपस्थित रहे।

### नवीन प्राचार्य पदोन्नति सम्मान समारोह



**गौरेला।** नवीन प्राचार्य पदोन्नति सम्मान समारोह सतनाम भवन ज्योतिपुर में आयोजित किया गया, जिसमें समिति के संरक्षक एलजी डाहिरे, स्थाई समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल, कार्यकारिणी अध्यक्ष सूर्यकांत रात्रे, उपाध्यक्ष अखिलेश्वर सोनवानी, प्रीतम कोसले, ललित भास्कर ने अपनी-अपनी राय रखी। मुख्य अतिथि एलजी डाहिरे ने कहा कि, हमारे समाज के लिये बहुत गौरव एवं हर्ष की बात है कि, हमारे जीपीएम जिले में 17 लोग प्राचार्य पद पर पदस्थ हुए हैं। वे सभी अपने दायित्वों का पालन करते हुए समाज एवं मानव कल्याण के लिए ही में कार्य करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने नवपदस्थ प्राचायों को शाल व श्रीफल से सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम में सक्रिय सदस्य छोटू लाल रात्रे, टीडी महिलांगे, आरएन बंजारे, पीएल लहरे,नरेश पात्रे, ओपी अंचल, टीडी गोयल सहित समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन सचिव राजकुमार कुर्रे ने किया।

## बारिश से तापमान में आई गिरावट, मल्हार का जांजगीर-चांपा जिले से संपर्क टूटा

# लगातार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त, सड़कों व घरों में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

दो दिन की भारी बारिश से खेत-खलिहान जलमग्न हैं, और नदी-नाले भी अपनी पूरी उफान पर हैं। गलियों में जल भराव होने से लोग परेशानियों का सामना कर रहे हैं। मल्हार सहित पूरे क्षेत्र में मंगलवार व बुधवार हुई भारी बारिश से कई मोहल्लों में जल जमाव होने से लोगों के घरों में भी पानी घुस गया, जिसकी वजह से लोगो को रतजगा करना पड़ा।

■ तालाब व नदी-नाले उफान पर, अन्य क्षेत्रों से संपर्क टूटा

सबसे ज्यादा जलभराव वार्ड 6 में हुआ। चूंकि यह मोहल्ला निचले इलाके में है, इस वजह से मेला चौक तक का पानी इस मोहल्ले में आता है। इस वजह से स्कूल चौक से डबरा तक गली में 3 फिट जलभराव हो जाता है। इसी तरह बस तरह बस स्टैंड से मेला चौक तक की सड़कें भी 2 फिट तक पानी मे डूबी रहीं। यहां पानी निकासी की समस्या के चलते कम बारिश में ही घुटने तक पानी भर जाता है। कुछ इसी तरह वार्ड 8 में भी लोगों को जलभराव का सामना करना पड़ा। यहां पानी निकासी की समस्या के चलते जगजीवन पाटले, सतीश पाटले, अकसराम कांत, विनोद पाटले के घरों में घुटनों तक पानी भर गया। कुछ लोग के कच्चे मकानों के गिरने की आशंका से रात भर जागते रहे। वार्ड पार्षद पीयूष पाटले का कहना कि, अभी भारी बारिश की वजह से मेरे वार्ड में गम्भीर समस्या है। लोगों का जीना मुहाल हो गया है, पानी निकासी के लिए नाली बनवाने कई बार निवेदन किया गया, इस परन्तु मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति नही हो सकी। इसी तरह वार्ड 13 व 14 में भी जलभराव होने से लोग परेशान हैं। लोगों का कहना है कि, नगर पंचायत की ओर से पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके चलते जलभराव की समस्या आ रही है।





लगातार हो रही बारिश से ग्रामीण के घर के बाहर भरा पानी। लीलागर नदी पर बढ़ा पानी का स्तर।

### तालाब जलमग्न उफान पर नदी

नगर के सभी छोटे-बड़े तालाब इस बार पूरी तरह से जलमग्न हो गे हैं। स्थिति यह है कि, तालाबों का पानी नालों व खेतों में जा रहा है। लोगों का कहना है कि, इस तरह की भारी बारिश कई वर्षो के अंतराल में हुई है। हालांकि धान फसलों के लिए किसान इस वर्षा को वरदान बता रहे हैं। दो दिनों की भारी बारिस से लीलागर नदी पुल से 4 फिट ऊपर बह रही है जिसके चलते मल्हार से जांजगीर चाम्पा जिले का संपर्क टूट गया है। प्रशासन की ओर से नदी के किनारे रहने वालों को सूचना देकर सुरक्षित स्थानों में जाने की अपील की गई है।

# लोगों का काम हुआ प्रभावित, सड़कें सूनी

**मुंगेली।** क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। तेज धूप के बाद पिछले तीन दिनों से लगातार गरज-चमक के साथ लगातार बारिश हो रही है, जिससे बारिश से तापमान में गिरावट आई है। बारिश के चलते लोगों का काम प्रभावित हुआ एवं सड़कें सूनी रहीं। सूखे खेतों में लबालब पानी भर गया है। साथ ही नदी-नालों पूरी उफान पर हैं। क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है, जिसके चलते दिन के तापमान में गिरावट आई।

लगातार बारिश के चलते बाजार भी प्रभावित हुआ। मंगलवार को शाम 5.30 बजे तेज गर्जना के साथ शुरू झमाझम बारिश लगातार दूसरे और तीसरे दिन भी जारी रही। लगातार हो रही बारिश के चलते खेतों में भी पानी लबालब भरा हुआ है। उल्लेखनीय है कि, तीन दिन पूर्व खेतों में पानी की कमी से किसानो में चिंता व्याप्त थी, ऐसे में तीन दिन की बारिश से उनकी चिंता दूर हो गई। किसानों की मानें तो, इस वर्ष खेती किसानी के लिहाज से अच्छी बारिश हो चुकी है। दूसरी तरफ तीन दिन की बारिश के बाद व्यापारियों का कामकाज ठप्प हो गया एवं सड़के सूनी रहीं। बारिश के आई तापमान में गिरावट की वजह से ठंड का एहसास होने लगा है। साथ ही मौसम के इस बदलाव से सर्दी, बुखार का प्रकोप बढ़ने की आशंका लोगों को सताने लगी हैं। दिन और रात का तापमान कम होने से फ्लू का वायरस तेजी से पनपता हैं। बारिश होने से मौसम सभी जगहों पर तकरीबन एक जैसा ही रहा। अब देखना होगा कि, आने वाले दिनों में मौसम का मिजाज बदलेगा या फिर यथावत रहेगा। वैसे तापमान घटने की संभावना अधिक है।



बारिश के चलते सड़के सूनी।

### स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा असर

मौसम में बदलाव होने का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। जिला अस्पताल और निजी क्लिनिकों में भी मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा हैं। सिविल सर्जन डॉ एमके राय ने बताया कि, इस मौसम का असर खास कर शिशुओं और बुजुर्गों पर पड़ रहा है। चूंकि मौसम के हिसाब से इनकी प्रतिरोधक क्षमता कम होती हैं, ऐसे में यदि गर्म-ठंडा मौसम होता है तो वह कमजोरी पैदा करता हैं। इस कारण इस वर्ग के लोगों को मौसम को मद्देनजर रखते हुए एहतियात बरतना चाहिए, ताकि बीमारियों से बचा जा सकें। बाहर का खाना न खायें। डॉ राय ने बताया कि, अस्पतालों में अभी सर्दी-खासी और वायरल के मरीज अधिक पहुंच रहे हैं। कृषि उपसंचालक एमआर तिग्गा ने बताया कि मौसम में बदलाव धान की फसल के लिए बारिश लाभदायक है। मौसम के जानकारों ने बताया कि सितम्बर के प्रथम सप्ताह में अक्सर बदली एवं हल्की बुंढ़ा-बांदी का मौसम रहता हैं। इस माह में मौसम में बदलाव होते रहता है। आने वाले दिनों में भी मौसम ऐसा ही बने रहने की उम्मीद बताई जा रही हैं।

# बरेला वासियों के लिए बारिश बनी आफत

**जरहागांव।** बरसात के दिनों में नगर पंचायत बरेला के आवासपारा के रहवासियों में दहशत का माहौल है। ज्यादा बारिश होने से लोगों के घरों में घुटने तक पानी भरा गया है, जिसके कारण खाना बनाना भी दूभर हो गया है। आवास पारा के दिलीप गुप्ता, ललिता यादव व कुमारी यादव ने बताया कि, उनके घरों में सुबह से पानी भरा हुआ है, जिसकी वजह से घर में रखे काफी सामान खराब हो गए हैं, जिसके कारण खाना बनाना व रहना मुश्किल हो गया है।इस समस्या का समाधान करने प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं की जाती है, ऐसे में बारिश होते ही रहवासियों के लिए संकट की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

■ तालाब में तब्दील हुआ मुख्य मार्ग, घरों में घुसा पानी





### तालाब में तब्दील हुआ मुख्य मार्ग

बरेला से मुंगेली पहुंच मार्ग पेट्रोल पंप के पास तालाब में तब्दील हो गया है, जिसके चलते राहगीर पानी से भरे अदृश्य गड्ढे में गिर कर घायल हों रहे हैं। नगरवासियों ने बताया कि, बारिश होने से आए दिन सड़क पानी से लबालब हो जाती है, जिसकी वजह से लोगों के घरों में भी पानी घुस जाता है। नतीजन आसपास के मोहल्लेवासियों के आफत पैदा हो जाती है। घर में घुसे पानी को पानी को पंप लगाकर खाली करना पड़ता है।

### ज्यादा बारिश से करना पड़ेगा पलायन

बारिश होने से लोगों की नीद हराम हो गई है, रहवासियों का कहना है कि, यदि ऐसे ही बारिश होती रहेगी तो घर को छोड़कर पलायन करना पड़ेगा। रात में तेज बारिश होने के कारण रात भर सोना मुश्किल हो गया है। एक तरफ सड़क पर पानी लबालब दूसरी तरफ घर के कमरे, किचन में घुटने तक पानी भरे रहने से लोगों की मुश्किल बढ़ गई है। अध्यक्ष नगर पंचायत बरेला नरेश पटेल ने बताया कि एनएच सड़क बनाते समय विभाग की ओर से नाली निर्माण नहीं कराया गया, जिसेके कारण पानी सड़क पर भर जाता है। नतीजन लोगों के घरों तक पानी चला जाता है। नगर पंचायत के द्वारा जेसेबी की मदद से नाली का पानी निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

### होगा समस्या का समाधान

नगर पंचायत बरेला की एनएच सड़क पर पानी भरने की जानकारी मिली है। शीघ्र ही तहसीलदार को भेज कर समस्या का समाधान कराया जाएगा

- अजय शतरंज, एसडीएम मुंगेली

# संघ कार्यालय में रोपे गए विविध किस्म के पौधे

**मुंगेली।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्यालय राष्ट्रोदय भवन में रुद्राक्ष, पारिजात, शमी, अश्वगंधा आदि पौधों का रोपण किया गया। प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा, विभाग संघचालक डॉ राजकुमार सचदेव, जिला संघचालक नरेश अग्रवाल ने पौधरोपण किया।

विभिन्न दिव्य औषधीय गुणों से परिपूर्ण पौधों की प्रदर्शनी संघ कार्यालय मुंगेली के उद्घाटन में लगाई गई। राष्ट्रोदय भवन संघ कार्यालय के उद्घाटन में पर्यावरण संरक्षण का पूर्ण ध्यान रखा गया। इसमें एक भी प्लास्टिक पात्र, वस्तु या प्रकृति को नुकसान हो ऐसे वस्तुओं का उपयोग नहीं किया गया। भोजन के लिए थाली और गिलास का उपयोग, जगह जगह डस्टबिन व सूचना पत्र लगाया गया। जल संरक्षण के लिए कार्यालय निर्माण के साथ वाटर हार्वेस्टिंग भी बनाया गया। आए हुए सभी केंद्रीय और राजकीय अतिथियों ने प्रेरणा लिए, ऊर्जा संरक्षण की दिशा में कार्यालय के छत में सौर ऊर्जा कनेक्शन लगाने के लिए आवेदन पत्र स्वीकृत हो गया है। कार्यालय में छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के जगदलपुर से लाएं बहु सौंदर्य, लकड़ी के गणेश जी स्थापना के साथ ही बस्तर के कला कृति सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक चिह्न प्लेट में मुख्य द्वार पर लगाया गया है। यह कार्यालय राष्ट्रोदय सर्व जन हिताय, सर्व जन सुखाए संकल्प के साथ सर्व कल्याण हेतु लाखों स्वयंसेवको और भारत मां के उपासकों के द्वारा निर्मित है। राष्ट्रोदय भवन का लोकार्पण प्रांत संघचालाक टोपलाल और केदार हरिहर क्षेत्र के महराज श्रीश्री 1008 श्री रामरूप दास महात्यागी के कर कमलों और सियावर रामचंद्र की जय, भारत माता की जय, शंख के विजय ध्वनि के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख दीपक विस्पुते रहें। पर्यावरण संरक्षण का कार्य सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी और अविरोधेन है। बहुत ही संख्या में संघ के कार्यकर्ता और राष्ट्र प्रहरी, सभी गतिविधि सहित पर्यावरण के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पौधरोपण करते संघचालक एवं जिला संघचालक।

# सिखाना, पढ़ाना कठिन दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

शिक्षकीय दायित्व का अनुभव जानने के लिए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने शिक्षक दिवस के पूर्व शिक्षक बनकर छात्रों को अध्यापन कराया।

प्रिया ठाकुर ने बताया कि यह मेरे जीवन का सबसे अलग क्षण था जिसमें अपने सीखे ज्ञान का उपयोग किया। नेहा कश्यप ने कहा कि सीखना, पढ़ाना एक कठिन दायित्व है। यह पढ़ाने के दौरान अनुभव किया। उर्वशी पांडेय ने कहा पढ़ाने के पहले खुद को समझना पड़ता है। चार्ली ठाकुर ने कहा कि पहले डर लगता है लेकिन पढ़ाने के बाद वह डर खत्म हो गया। लक्ष्मी ने कहा कि पढ़ाने के पहले खुद को समझना पड़ता है तब कहीं जाकर पढ़ा पाते है। निर्जला दिवाकर ने कहा कि मेरी शुरू से इच्छा रही है पढ़ाने की ओर आज अवसर मिला बहुत अच्छा लगा। रीना ने कहा कि पढ़ाने के बाद जब छात्राओं से जवाब नहीं मिला तो यह जाना कि इस स्थिति में शिक्षक क्या महसूस करते हैं। गरिमा ने कहा कि मुझे यह अनुभव हुआ कि शिक्षकीय दायित्व बहुत कठिन है। प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि अध्यापन प्रक्रिया में शिक्षकों की भूमिका को छात्राओं को अवगत कराने के लिए आज उन्हें अवसर प्रदान किया गया था और उसे छात्राओं ने बखूबी निभाया। इस अवसर पर बीआर सूर्यवंशी, रश्मि मिश्रा, मिनाज खान, आमोद एक्का, मीनाक्षी शर्मा, जेडी कुजूर, जीडी वैष्णव, कामिनी गुप्ता, महेश्वरी सिन्हा, स्वीटी सिंह, दिव्या मिश्रा, संदीप ध्रुव, पुष्पेंद्र दुबे, मयंक यादव, अंकित विश्वकर्मा पारुल यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।



## जूनियर वर्ग से आराध्या और सीनियर से सताक्षी बनी चैंपियन

# लिटिल चैंप प्रतिभाओं को निखारने सराहनीय पहलः एसपी

**पेंड्रा।** शासकीय कर्मचारी प्रतिभा मंच द्वारा जिला स्तरीय लिटिल चैंप सीजन वन गायन प्रतियोगिता का आयोजन 3 सितंबर बुधवार को मल्टी परपज हायर सेकेंडरी स्कूल पेण्ड्रा के असेंबली हॉल में किया गया। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान आराध्या विश्वकर्मा, द्वितीय संयुक्त रूप से स्वास्तिका चटर्जी व आरोही श्रीवास तथा तृतीय स्थान पर देवांशी दुबे रहीं। वहीं सीनियर वर्ग में प्रथम सताक्षी तिवारी, द्वितीय गुनगुन गोस्वामी, तृतीय पुरस्कार मानवी मिश्रा ने प्राप्त किया। सभी को जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, एसपी एसआर भगत, प्रभारी अपर कलेक्टर अमित बेक एवं अन्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि जिले के एसपी एसआर भगत ने कहा कि इस आयोजन का नाम लिटिल चैंप जरूर है, लेकिन इन बच्चों की प्रतिभा को देखकर यह नहीं कहा जा सकता कि ये लिटिल हैं। इनमें बहुत प्रतिभा भरी हुई है, जिसे इस मंच के माध्यम से देखने का अवसर मिला है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह ने बच्चों की प्रतिभा सामने लाने के लिए पहली बार हुए आयोजन के लिए आयोजन को प्रत्येक वर्ष कराने की बात कही। डीईओ रजनीश तिवारी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंच से प्रदर्शन करना बहुत कठिन होता है। उसके बावजूद छोटे छोटे बच्चों ने बहुत बढ़िया प्रस्तुति दी। कर्मचारी प्रतिभा मंच के संयोजक पीयूष गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम को कराने का उद्देश्य जिले के बच्चों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के मंच पर प्रस्तुति देने के लिए तैयार करना है। संचालन अजय चौधरी एवं पूजा चौधरी ने किया। इस मौके पर नपा अध्यक्ष राकेश जालान, जिपं सीईओ मुकेश रावटे, प्रभारी अपर कलेक्टर अमित बेक, मेजर डॉ. ऋचा चक्रवर्ती, सहायक आयुक्त गोपेश मनहर, एसडीओपी दीपक मिश्रा, निकिता तिवारी, डीईओ रजनीश तिवारी, महिला बाल विकास विभाग डीपीओ अमित सिंहा, विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष हर्ष छाबरिया, श्रीकांत ताम्रकार, डॉ. संजय शर्मा, प्राचार्य एलपी डाहिरे, रामजी श्रीवास, निर्माण जायसवाल, डॉ, योगेश तिवारी, मदन सोनी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, संगीत प्रेमी उपस्थित थे।



### इन्होंने किया आयोजन

आयोजन समिति में कर्मचारी प्रतिभा मंच जिला जीपीएम के पीयूष गुप्ता, सचिन तिवारी, अजय चौधरी, ओम प्रकाश सोनवानी, राजकुमार पटेल, बलराम तिवारी, जितेंद्र जायसवाल, दिनेश राठौर, संजय सोनी, अमिताभ चटर्जी, राकेश चौधरी, परसराम चौधरी, यज्ञ नारायण शर्मा, छोटेलाल बनवासी, महेंद्र मिश्रा, राजेश चौधरी, विश्वनाथ सोनी, कीर्ति कुशरो, बजरंग कश्यप, कैलाश लदेर, विश्वास केशरवानी, किरण सिंह, अर्चना गुप्ता, जबीना खान एवं लता गोयल शामिल हैं।

# कार्रवाई से नाराज संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने दिया सामूहिक इस्तीफा



सीएमएचओ को इस्तीफा देते स्वास्थ्यकर्मी।

**मुंगेली।** नियमितिकरण सहित 10 सूत्रीय मांगो को लेकर हड़ताल कर रहे स्वास्थ विभाग के एनएचएम संविदा कर्मचारियों के विरूद्ध स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से नाराज संविदा कर्मचारियों ने हड़ताल के 18वें दिन गुरुवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सामूहिक इस्तीफा सौंपा। इस दौरान आंदोलनकारियों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि, अगर उनकी मांगों पर उदारतापूर्वक विचार नहीं किया गया, और लिखित आदेश जारी नहीं किये गए तो आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। छत्तीसगढ़ एनएचएम संघ के प्रांतीय आव्हान पर नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर बेमियादी हड़ताल पर गए जिले के एनएचएम कर्मचारियों ने गुरुवार को शासन के आदेश के तहत कई जिलों के स्वास्थ्य कर्मचारियों को बर्खास्त करने के विरोध में प्रांतीय टीम के निर्देशानुसार सामूहिक त्याग पत्र दिया। कर्मचारियों की बर्खास्तगी आदेश से गुरुवार को हड़ताली कर्मचारी आक्रोशित हो गए और प्रांतीय टीम के निर्देशानुसार तत्काल सामूहिक रूप से त्याग पत्र देने का निर्णय लिया।